सुविचार
जिंदगी अगर अपने हिसाब से जीनी हैं तो कभी किसी के फैन मत बनो।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Friday, 09 June 2023 ● Year : 01 ● Issue : 143 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com



08
प्रियंका चोपड़ा संग जमेगी जूनियर...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 62,848.64 |
| निफ्टी | : | 18,634.55 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,655 |
| चांदी | : | 77.07 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### 15-18 जून तक झारखंड पहुंच सकता है मॉनसून

**RANCHI :** तय समय से एक सप्ताह की देरी के बाद अब मानसून केरल तट से टकरा गया है। इसके साथ ही केरल में मॉनसून का असर देखा जा रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र ने इस संबध में जानकारी देते हुए बताया कि मॉनसून केरल पहंच गया है। लेकिन शुरूआत में इसका असर कम देखा जायेगा। जिसकी प्रमुख वजह चक्रवात बिपरजॉय है। मॉनसून की स्थिति सामान्य होने पर एक जून को यह केरल तट से टकराती। लेकिन इस बार मॉनसून की दस्तक में देर हो गयी। जिससे देश के अधिकांश इलाकों में प्रचंड गर्मी का एहसास हुआ। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो स्थिति सामान्य होने पर सात से दस दिनों के अंदर मॉनसून केरल से होते झारखंड में प्रवेश करता है। लेकिन इस बार मानसून के एक सप्ताह देर से आने के कारण इस बार 15 जून से 18 जून के बीच राज्य में मॉनसून की एंट्री होगी। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 10 जून तक मानसून महाराष्ट्र पहुंच जायेगा।

### चाईबासा में पांच किलो का एक आईईडी बरामद

**CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के इचागोड़ा से गवई जाने वाले रास्ते से पुलिस ने पांच किलो का एक आईईडी बम बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने गुरुवार को बताया कि गत 27 जून से एक अभियान टोन्टो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका ,अंजदबेड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र और गोईलकेरा थाना के कुईड़ा एवं मारादिरी गांव के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से लगाए गए एक आईईडी को बरामद किया गया। बरामद बम को डिफ्यूज कर दिया गया है। इलाके में सर्च अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि एक नवम्बर 2022 से आठ जून 2023 तक जिले से 175 आईईडी और 26 स्पाइक हॉल को सुरक्षा बलों ने बरामद किया।

### रांची में 17 अक्टूबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का मौका

**RANCHI :** रांची जिले में 17 अक्टूबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का मौका लोगों के पास है। इसे लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार रांची जिला में प्री-रिविजन से संबंधित गतिविधियों का संपादन जारी है। इसके लिए एक जून से 16 अक्टूबर तक की अवधि निर्धारित की गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की ओर से भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के आलोक मंन रांची जिला के सभी निर्वाचक पदाधिकारी को मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के सभी गतिविधियों को निर्धारित समय सीमा में संपन्न कराने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही मतदाता सूची में किसी व्यक्ति का एक से अधिक स्थान पर नाम होना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 के अनुसार दंडनीय अपराध है। एक से अधिक जगह पर यदि मतदाता सूची में नाम दर्ज है तो प्रपत्र - सात में आवेदन देकर अपना नाम मतदाता सूची से विलोपित कराया जा सकता है।

# MISS WORLD 2023 CONTEST : 27 साल बाद भारत को मिली मेजबानी, 130 देशों से सुंदरियां होंगी शामिल

## ऑर्गनाइजेशन की CEO जूलिया मॉर्ले बोलीं- दुनिया को दिखाएंगे भारतीय सभ्यता और संस्कृति

**AGENCY NEW DELHI :** मिस वर्ल्ड 2023 इस बार भारत में होगा। ये जानकारी मिस वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन ने दी है। प्रतियोगिता में 130 देशों की सुंदरियां भाग लेंगी। एक महीने तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का फाइनल राउंड नवंबर- दिसंबर में होगा। यह दूसरा मौका है, जब भारत को मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है। पहली बार 1996 में भारत में इस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। मिस वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन की चेयरपर्सन और सीईओ जूलिया मॉर्ले ने गुरुवार को दिल्ली में कहा- मुझे ये बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मिस वर्ल्ड का 71वां एडिशन भारत में होगा। मैं 30 साल की थी तब भारत आई थी और तब से मुझे भारत और यहां के लोगों से काफी लगाव है। उनके साथ मिस वर्ल्ड 2022 कैरोलिना बिलावस्का भी मौजूद रहीं। जूलिया मॉर्ले ने कहा-



दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देतीं ऑर्गनाईजेशन की सीईओ जूलिया मॉर्ले व अन्य ● एजेंसी

भारत एक आकर्षक देश है। यहां की सभ्यता और संस्कृति में काफी विविधता है। यहां के लोकेशन भी अपने आप में आकर्षित करने के लिए काफी हैं। यहां की सभ्यता और संस्कृति को हम पूरी दुनिया से परिचय कराएंगे। इस प्रतियोगिता में 130 देशों के चैम्पियन एक महीने तक अपने कला का प्रदर्शन करेंगे।

**28 दिन में अलग-अलग जगहों पर इसका आयोजन किया जाएगा :** भारत को बहुप्रतीक्षित 71वीं मिस वर्ल्ड 2023 पेजेंट के लिए मेजबान देश के रूप में चुना गया है। इससे भारत में 71वां मिस वर्ल्ड 2023 से कल्चर को बढ़ावा मिलेगा। इसकी गूंज विश्व तक होगी यह प्रतियोगियों को अपने समुदायों में सकारात्मक प्रभाव डालने और समाज में योगदान करने के लिए प्रेरित करेगा। सबसे खास बात यह की इन 28 दिन में अलग-अलग जगहों पर इसका आयोजन किया जाएगा। जूलिया मॉर्ले ने कहा कि यह आयोजन के जरिए हम भारत की अनूठी और विविध संस्कृति, विश्व स्तर के आकर्षण और लुभावनी जगहों को बाकी दुनिया के साथ साझा कर सकेंगे। मिस वर्ल्ड लिमिटेड और पीएमई एंटरटेनमेंट मिलकर एक मिस वर्ल्ड फेस्टिवल तैयार कर रहे हैं। वर्तमान में भारत में सौंदर्य प्रतियोगिता के प्रचार-प्रसार के लिए भारत में मौजूद पोलैंड की विश्व सुंदरी, करोलिना बिलावस्का ने कहा कि वह इस खूबसूरत देश में अपना ताज सौंपने के लिए उत्साहित हैं, जो मिस वर्ल्ड के समान मूल्यों के लिए खड़ा है। भारत में पूरी दुनिया में सबसे बड़ा आतिथ्य है। मैं यहां दूसरी बार आई हूं और आप मुझे घर जैसा महसूस कराते हैं।

### नंदिनी गुप्ता होंगी भारत की प्रतियोगी

मिस वर्ल्ड-2023 प्रतियोगिता में नंदिनी गुप्ता भारत की तरफ से भाग लेंगी। वे 19 साल की हैं और राजस्थान के कोटा की रहने वाली हैं। इस साल मिस इंडिया कॉन्टेस्ट में उनके सिर ताज सजा था। नंदिनी अभी मुंबई के एक कॉलेज से बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रही हैं। वे सेकेंड ईयर में हैं। भारत की छह सुंदरियां मिस वर्ल्ड का ताज जीत चुकी हैं। पहली बार 1966 में रीता फारिया ने मिस वर्ल्ड का ताज जीता था। उसके बाद 1994 में ऐश्वर्या राय ने इस प्रतियोगिता को अपने नाम किया। 1997 में डायना हेडन ने ये ताज पहना। युक्ता मुखी ने 1999 में मिस वर्ल्ड का ताज जीता था। 2000 में प्रियंका चोपड़ा और मानुषी छिल्लर ने 2017 में मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया।



# LAND SCAM : दिलीप घोष व अमित अग्रवाल को भेजा गया जेल

## पीएमएलए कोर्ट में हुई पेशी, पूछताछ के लिए ईडी को नहीं मिली रिमांड

**CRIME REPORTER RANCHI :** आर्मी लैंड स्कैम के आरोपी कोलकाता के व्यवसाई अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को कड़ी सुरक्षा के बीच पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिग एक्ट) कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। इस दौरान एजेंसी ने अदालत से अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत मांगी। लेकिन कोर्ट ने गुरुवार को किसी आरोपी की रिमांड की मंजूरी नहीं दी और अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि ईडी ने बुधवार को अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को ईडी ने कोलकाता गिरफ्तार किया था। रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री की जांच ईडी कर रही है। इस मामले में अब तक ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।



अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल ले जाती ईडी की टीम ● फोटोन न्यूज

### छवि रंजन से भी मामले का है कनेक्शन

सेना के कब्जे वाली जमीन के दस्तावेज में फजीर्वाड़ा कर बेचने वाले कथित रैयत प्रदीप बागची ने जिस जगतबंधु टी इस्टेट को सेना के कब्जे वाली जमीन की रजिस्ट्री की थी। उस कंपनी में अमित अग्रवाल भी दिलीप घोष के सहयोगी हैं। दिलीप घोष को ईडी ने पहले समन किया था, लेकिन वे नहीं पहुंचे थे। जमीन घोटाले में पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजे गये जमीन कारोबारी अफसर खान उर्फ अफ्सू ने ईडी के सामने निलंबित आईएएस छवि रंजन की पोल खोली थी। उसने ईडी को बताया था कि उसके सामने प्रदीप बागची के पक्ष में कागजात तैयार करने के लिए छवि रंजन ने अमित अग्रवाल व प्रेम प्रकाश की उपस्थिति में तत्कालीन बड़गाईं अंचलाधिकारी मनोज कुमार को आदेश दिया था। जगत बंधु टी स्टेट के मालिक दिलीप घोष ने एमएस प्लाट-557 के रूप में दर्ज 4 एकड़ 55 डिसमिल भूमि की रजिस्ट्री के लिए स्टांप ड्यूटी के रूप में कुल 83 लाख 3 हजार 368 रुपए खर्च किये गए। इस रजिस्ट्री के लिए फीस के रूप में 62 लाख 34 हजार 460 रुपए सरकार को दिए गए। यानी कुल करीब एक करोड़ पैंतालीस लाख रुपए से ज्यादा पैसे रजिस्ट्री के लिए स्टांप और फीस के रूप में भुगतान किया गया। जगत बंधु टी स्टेट ने ये रकम इसलिए चुकाई, क्योंकि जमीन की सरकारी दर से निर्धारित कीमत करीब 4 लाख 55 हजार रुपए है। लेकिन पूरे भूखंड (4.55) एकड़ का सौदा मात्र 7 करोड़ रुपए में दिखाया गया।

### शिवकुमार और हलका कर्मचारी मनोज अकेला से ईडी ने की पूछताछ

पूर्व इंजीनियर शिवकुमार और हलका कर्मचारी मनोज अकेला से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पूछताछ की। गुरुवार को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में दोनों से पूछताछ की गई। बीते 30 मई को शिवकुमार के बरियातू फायरिंग रेंज स्थित घर पर ईडी ने छापामारी की थी। इस दौरान ईडी ने डिजिटल डिवाइस, कंप्यूटर, हार्ड डिस्क व अन्य सामान जब्त किये गये थे। शिवकुमार से ही जुड़ी कंपनी हाइटेन कंस्ट्रक्शन, मैगनम डेवलपमेंट और वैष्णवी होम्स के ठिकानों पर भी छापे पड़े थे। इसके अलावा ईडी ने हलका कर्मचारी मनोज अकेला के घर पर भी छापेमारी की थी। ईडी को प्रदीप यादव के साथ करीबी संबंध होने की सूचना मिली। इसी सूचना के आलोक में ईडी ने उनके करीबी समझे जानेवाले सात लोगों के 13 ठिकानों पर छापा मारा था। शिव कुमार जल संसाधन विभाग में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत थे।

# पलामू : NIA की रेड कई सामान बरामद

## नरेश भोक्ता हत्याकांड से जुड़ा है मामला

**CRIME REPORTER PLAMU :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन सीपीआई (माओवादी) द्वारा नरेश सिंह भोक्ता की नृशंस हत्या के मामले में गुरुवार को बिहार के गया और औरंगाबाद जिले और झारखंड के पलामू जिले में आरोपियों और संदिग्ध व्यक्तियों के परिसरों की तलाशी ली। पांच गिरफ्तार कमांडरों और भाकपा (माओवादी) के दो संदिग्ध ओजीडब्ल्यू/समर्थकों के आवासीय परिसरों में तलाशी ली गई । इस दौरान विभिन्न डिजिटल उपकरणों जैसे मोबाइल फोन, सिम कार्ड, आपत्तिजनक दस्तावेजों की जब्ती की गई। बता दें कि एनआईए की टीम ने बुधवार को भी इसी मामले में झारखंड और बिहार में सात स्थानों पर छापेमारी की थी।

**किन लोगों की हुई थी गिरफ्तारी :** एनआईए ने 24 जून 2022 को इस मामले को बिहार पुलिस से अपने हाथ में लिया था। इस मामले में अब तक कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। फरवरी 2023 में, एनआईए ने 01 अभियुक्तों अजय सिंह भोक्ता पुत्र जगदीश सिंह भोक्ता के खिलाफ आईपीसी की धारा 120बी, 121ए, 364, 471 और 302, आर्म्स एक्ट की धारा 25 (1ए) और 27, धारा 27 के खिलाफ पूरक चार्जशीट दायर की थी। और अपनी जांच के दौरान, एनआईए ने हत्या की साजिश में सीपीआई (माओवादी) कमांडरों की संलिप्तता का पता लगाया था। हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार और वाहन भी बरामद किए थे।

**बुधवार को भी हुई थी छापेमारी :** बुधवार की सुबह, बिहार एनआईए की टीम ने पलामू जिले के माओवादी स्टेट कमिटी सदस्य अभिजीत यादव और सब जोनल कंमाडर राम प्रसाद यादव के घर में छापेमारी की थी। एनआईए की टीम दोनों माओवादियों के घर में विभिन्न दस्तावेजों को खंगाला था। माओवादी अभिजीत यादव छतरपुर थाना क्षेत्र के बंधुडीह गांव का रहने वाला है, जबकि प्रसाद यादव छतरपुर थाना क्षेत्र के बगैया गांव का है। झारखंड सरकार ने टॉप माओवादी अभिजीत यादव पर 10 लाख एवं प्रसाद यादव पर पांच लाख का इनाम रखा था।

### क्या है पूरा मामला

बता दें कि प्रतिबंधित आतंकवादी द्वारा बुलाई गई तथाकथित 'जन अदालत' (जन सुनवाई) में भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेतृत्व और नक्सल कैडरों द्वारा पुलिस मुखबिर के रूप में लेबल किए जाने के बाद, 2 नवंबर 2018 की रात को भोक्ता का अपहरण कर लिया गया था और उसकी हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद उसका शव बिहार के औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के बधाई बिगहा गांव के पास बरामद किया गया था।

# स्थानीय नीति के विरोध में 10-11 जून को झारखंड बंद

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में नई नियोजन नीति का विरोध लगातार चल रहा है। ट्विटर अभियान से शुरू हुए इस विरोध ने विधानसभा घेराव, मुख्यमंत्री आवास घेराव, पुतला दहन सहित कई कई माध्यमों ने अपना विरोध दर्ज किया। इस दौरान कई बार उग्र प्रदर्शन भी छात्रों के द्वारा किया गया है। अब छात्र फिर से एक बार उग्र रूप अपनाने के फिराक में है। बता दें कि झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के छात्रों ने आगामी 10 और 11 जून को झारखंड बंद का आह्वान किया है। बता दें कि झारखंड बंद को लेकर नियोजन नीति का विरोध कर रहे छात्र योजना बना रहे है और लोगों से आह्वान कर रहे है कि इस बंदी को सफल बनाया जाए। उम्मीदन बंद के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिक पुलिस बल की तैनाती की जा सकती है। संगठन ने इसके लिए कई जिलों में प्रचार करने शुरू भी कर दिए है। इससे पहले छात्रों का समूह राज्य के सभी नेताओं और सांसदों से मिला और नियोजन नीति के विरोध में अपना समर्थन मांगा। इस मुहिम के तहत उन्हें अधिकतर जनप्रतिनिधियों का समर्थन मिला भी है। समर्थन लेने के बाद ये छात्र अपनी मांग को लेकर मांदर ढाक नगाड़ा बजाकर सखुआ पत्ता लेकर घूम रहे है।

## शिबू सोरेन की अध्यक्षता में मजदूर यूनियन की बैठक, प्राइवेट कंपनियों में 75% नौकरी की मांग

# मजदूर यूनियनों की ज्वलंत समस्याओं पर हुई चर्चा

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन एवं झारखंड श्रमिक संघ के केंद्रीय कार्यसमिति की संयुक्त बैठक केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन जी की अध्यक्षता में रांची के मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला के सभागार में हुई। इस बैठक में यूनियन के संगठनात्मक बिंदुओं, मजदूर एवं विस्थापितों के ज्वलंत समस्याओं, यूनियन के सदस्यता अभियान एवं संगठन की मजबूती पर विचार करते हुए झारखंड की विभिन्न कंपनियों जैसे सीसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल, डीवीसी, बोकारो स्टील, टाटा स्टील, इलेक्ट्रोस्टील, एसईसी, टाटा मोटर्स एवं निजी प्रतिष्ठानों के साथ-साथ बंगाल के ईसीएल क्षेत्रों में संगठन विस्तार करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान हेमंत सरकार से लैंड बैंक जैसे नियम को अविलंब रद्द करने की अपील की गयी। मजदूर एवं विस्थापितों की ज्वलंत समस्याओं व हेमंत सरकार द्वारा निजी कंपनियों में विस्थापितों एवं स्थानीय को 75% नियोजन की घोषणा के क्रियान्वयन को लेकर सभी कंपनी के क्षेत्रों में चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा 44 श्रम कानून में से 29 श्रम कानूनों को कंपनियों के मालिकों एवं पूंजीपतियों के हित में चार कोड में बदले जाने जैसे कानून को रघुवर सरकार ने झारखंड में वर्ष 2015, 2018 एवं 2019 में विधेयक पास किया था। उसे हेमंत





बैठक को संबोधित करते शिबू सोरेन ● फोटोन न्यूज

### चलाया जाएगा सदस्यता अभियान

भाजपा की रघुवर सरकार द्वारा विस्थापितों की जमीन आसानी से छीनने के लिए लैंड बैंक बनाया गया था। उसके जरिए अभी तक विभिन्न कंपनियों, भू माफियाओं द्वारा नौकरशाह से गठजोड़ कर आसानी से विस्थापितों की जमीन लूटी जा रही है। झारखंड में स्थित विभिन्न कंपनियों द्वारा ली गई विस्थापितों की जमीन के बदले मुआवजा एवं नौकरी नहीं मिलने पर चिंता व्यक्त करते हुए वर्तमान हेमंत सरकार से लैंड बैंक जैसे नियम को अविलंब रद्द करने की अपील की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन एवं झारखंड श्रमिक संघ के संगठन विस्तार करने के लिए वर्ष 2023 में सदस्यता अभियान चलाने तथा मजदूर-विस्थापितों के ज्वलंत समस्याओं को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।

# ग्रामीणों के लिए हमेशा खुले हैं राजभवन के दरवाजे : राज्यपाल

**PHOTON NEWS LATEHAR**

झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन गुरुवार को लातेहार सदर प्रखंड के उदयपुरा और मतनाग गांव में ग्रामीणों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि वह खुद तमिलनाडु के एक छोटे से गांव के रहने वाले हैं। इसलिए गांव की परिस्थितियों से वह भलीभांति परिचित हैं।

राज्यपाल ने कहा कि जब उन्होंने झारखंड में राज्यपाल के पद पर शपथ ग्रहण किया था तो उसी समय उन्होंने यह सोच लिया था



लातेहार के गांव में ग्रामीणों के संवाद करते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन। ● द फोटोन न्यूज

कि अब ग्रामीणों को राजभवन आने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि राजभवन खुद ग्रामीणों के पास जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के लिए राजभवन का दरवाजा भी हमेशा खुला है। ग्रामीण अपनी किसी भी समस्या को लेकर बेझिझक राजभवन आकर उनसे मिल सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि यह भारत की एकता का मिसाल है कि तमिलनाडु के एक गांव का रहने वाला व्यक्ति आज झारखंड के गांव में पहुंचकर लोगों से मिल रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि गांव में आकर ग्रामीणों से संवाद करने का उनका मुख्य मकसद यह है कि ग्रामीणों की समस्याओं को नजदीक से जान सके और यह समझ सके कि ग्रामीणों की खुशहाली के लिए और क्या किया जा सकता है? उन्होंने कहा कि देश का विकास तभी संभव है जब गांव का विकास होगा। हमारे देश की आत्मा गांवों में बसती है।

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने धनबाद में हुए बिजली के पोल हादसे में मृत संजय भुइयां और दिनेश भुइयां के परिजनों को मुआवजे की राशि भी प्रदान की। साथ ही समाज के लिए बेहतर कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया। सरकारी स्कूलों में पढ़ने के बावजूद बेहतर रिजल्ट लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया।

इससे पूर्व लातेहार आगमन पर राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा, लातेहार डीसी भोर सिंह यादव, लातेहार एसपी अंजनी अंजन, डीएफओ रोशन कुमार आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताया

## केन्द्र सरकार ने गरीबों के हित में कार्य किया है : अमित यादव

**PHOTON NEWS KODARMA**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा की केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर अपने महत्वपूर्ण उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल पावर हाउस, जयनगर में गुरुवार को बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जयनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी एवं संचालन परसाबाद मंडल महामंत्री महेश रजक ने किया।

सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा पिछले नौ वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के सफल और सामर्थ्यवान नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों के जरिए खासा सम्मान बटोरा है। भाजपा सरकार ने पिछले 9 वर्षों में




कार्यक्रम में उपस्थित अन्नपूर्णा देवी व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

सामान्य जनमानस के लिए विशेष कर आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग चाहे वह किसी जाति, धर्म, पंथ और पूजा पद्धति के हो उनके लिए विकास योजनाओं को मूर्त रूप दिया है। वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने गरीबों के हित में विकास के कार्य किए हैं।

वहीं राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि झारखंड में विकास पूर्ण रूप से ठप पड़ा है। मुख्यमंत्री ने झारखंड में ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग लगाया है। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष जयप्रकाश राम, बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, महामंत्री अनूप जोशी, परसाबाद मंडल अध्यक्ष शशि भूषण चौधरी, वीरेंद्र कुमार सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

# मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करे केंद्र सरकार : सुप्रियो

**PHOTON NEWS RANCHI**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मणिपुर की सरकार को केंद्र सरकार हटाए और वहां राष्ट्रपति शासन लागू करे। साथ ही वहां कानून व्यवस्था की स्थापना करे। भट्टाचार्य गुरुवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश के गृह मंत्री 29 जून को मणिपुर गये और 31 जून को लौटने के बाद कहा कि मणिपुर में पूरी तरह से शांति हो गयी है। मणिपुर में अब कोई हिंसा नहीं है। उनके लौटने के एक सप्ताह में 85 कुकी गांव फूंक दिये गये। मणिपुर की जातीय हिंसा में कुकी जनजाति पर लगातार हमले हो रहे हैं। उनकी हत्याएं की जा रही है। उनके घर जलाए जा रहे है। क्योंकि, वह वहां के आदिवासी हैं।

उन्होंने कहा कि वहां की भाजपा सरकार ने राज्य को आग के हवाले कर दिया। यह साफ दशार्ता है कि भले आप आदिवासी राष्ट्रपति बना लें लेकिन इस देश से आदिवासियों के पहचान को मिटाने के लिए भाजपा किस प्रकार कृतसंकल्पित है। भाजपा कड़ा शासन व्यवस्था और अनुशासन की व्यवस्था की बात करती है लेकिन उसके शासन वाले राज्य में कानून व्यवस्था की स्थितियां क्या है यह किसी से छिपी नहीं है। साथ ही कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर आदिवासी, दलित, मूलवासी, अल्पसंख्यकों को ध्यान में रखकर केंद्र में नीतियां बनानी पड़ेगी।बांग्लादेशी घुसपैठ पर सुप्रियो ने कहा कि विधानसभा में लगातार यह मामला प्रोपेगेंडा के तहत उठाया जा रहा था। मामले को लेकर आदेश दिये गये है। जांच में दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा।

# भाजपा की खूंटी लोकसभा स्तरीय रैली कल, बैठक में तैयारियों पर हुई चर्चा

**PHOTON NEWS KHUNTI**

भाजपा के जिला कार्यालय में गुरुवार को जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकर्ताओं की हुई बैठक में 10 जून रविवार को खूंटी के कुंजला बगीचा में भाजपा की होनेवाली लोकसभा स्तरीय रैली की सफलता को लेकर विचार विमर्श किया गया। रैली में खूंटी लोकसभा के सभी छह विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता भाग लेंगे।

जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह ने सभी मंडल अध्यक्षों को अपने टारगेट के अनुसार कार्यकताओं को रैली में लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि



बैठक में शामिल कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

सभी कार्यकर्त्ता इस रैली को भव्य बनाने की पूरी कोशिश करें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री जॉन बरला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा, खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा और तोरपा के विधायक कोचे मुंडा बतौर विशिष्ट अतिथि रैली में शामिल होंगे।

इनके अलावा अन्य प्रदेश स्तरीय नेता भी रैली में शामिल होंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री श्री बिनोद नाग और धन्यवाद ज्ञापन शशांक शेखर राय ने किया।

# झारखंड के ज्वलंत मुद्दों पर राज्य सरकार को स्पष्ट राय दे को ऑर्डिनेशन कमेटी : दीपक प्रकाश

**PHOTON NEWS RANCHI**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने गुरुवार को राज्य के सत्ताधारी गठबंधन को घेरा। उन्होंने 10 जून को झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की अध्यक्षता में होने जा रही राज्य कोआर्डिनेशन कमेटी की बैठक के लिए जनहित एवं राज्यहित में महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

उन्होंने कहा कि कोऑर्डिनेशन कमेटी राज्य सरकार की अति महत्वपूर्ण कमेटी है, जिसमें गठबंधन दलों के नेता शामिल हैं। उन्हें सरकार में महत्वपूर्ण दर्जा प्राप्त है। सुख-सुविधाएं आवंटित हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीद है यह कमेटी राज्य के खजाने पर बोझ नहीं बनेगी, बल्कि अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर राज्य सरकार को स्पष्ट राय देगी।

प्रकाश ने कहा कि राज्य में नियोजन नीति, खनिज की लूट, जमीन घोटाला, शराब घोटाला, लंबित निकाय चुनाव, ट्रिपल टेस्ट, बांग्लादेशी घुसपैठ, धर्मांतरण, लव जिहाद, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, राज्य की विधि व्यवस्था, बिजली, पानी, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव जैसे ज्वलंत मुद्दे हैं जिसपर राज्य कोऑर्डिनेशन कमेटी को गंभीरता पूर्वक चर्चा कर राज्य सरकार को स्पष्ट सलाह देनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों से नेता प्रतिपक्ष की मान्यता नहीं देने से लोकायुक्त, सूचना आयुक्त, महिला आयोग जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं का पद रिक्त हैं, जिसके कारण जनता कार्य प्रभावित हो रहा है। राज्य सरकार की अकर्मण्यता के कारण वित्त आयोग के पद खाली पड़े हैं, जिसके कारण राज्य को 2736 करोड़ रुपये का केंद्रीय अनुदान अधर में लटका है। प्रकाश कहा कि उन्हें भरोसा है कि कोऑर्डिनेशन कमेटी ऐसे सभी ज्वलंत मुद्दों को अपने एजेंडे में शामिल करते हुए चर्चा करेगी।

## भाजपा RAMGARH के जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहर की अध्यक्षता में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन

# भाजपा झारखंड प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने केंद्र सरकार के 9 साल की गिनायी उपलब्धियां

**PHOTON NEWS RAMGARH**

हजारीबाग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धियां जन जन तक पहुंचाने हेतु भाजपा रामगढ़ के जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहर की अध्यक्षता में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक एवं वर्तमान में राज्यसभा सांसद सह झारखंड भाजपा के संगठन प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने संवाददाता सम्मेलन के जरिए मोदी सरकार के द्वारा विकास कार्य और गरीबी उन्मूलन से जुड़ी योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया।

उत्तर प्रदेश भाजपा की अध्यक्षता करते हुए उनके दूरदर्शी और रणनीतिक सुझबुझ के कारण 2014 के लोकसभा चुनाव में यूपी के 80 में से 71 लोकसभा सीट जीत कर भाजपा की झोली में डालने वाले वाजपेयी ने श्री वाजपेयी ने कहा कि आयुष्मान योजना की शुरूआत अंबेडकर जयंती के दिन रांची से ही हुई थी। परमवीर अल्बर्ट एक्का के नाम पर देवघर एयरपोर्ट का लोकार्पण हो अथवा संथाल परगना के 5 जिलों को पहली बार गैस पाइपलाइन देने का काम, यह सब भाजपा की सरकार के ही दौरान हुआ है।

उन्होंने कहा को पिछले 9 साल में नरेंद्र



मीडिया को संबोधित करते लक्ष्मीकांत वाजपेयी व उपस्थित अन्य। ● द फोटोन न्यूज

मोदी के सफल और आत्मविश्वास भरे नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों के जरिए खासा सम्मान बटोरा है। भाजपा सरकार ने पिछले 9 वर्षों में सामान्य जनमानस के लिए विशेष कर आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग चाहे वह किसी जाति धर्म पंथ और पूजा पद्धति के हों, उनकी चिंता करते हुए तमाम विकास योजनाओं को मूर्त रूप दिया है।

यही नहीं उन्होंने झारखंड के प्रति भाजपा नीत केंद्र सरकार का झारखंड के प्रति सकारात्मक सोच का जिक्र करते हुए बताया की मुद्रा लोन योजना की शुरूआत वर्ष 2015 में झारखंड के दुमका जिले से हुई थी। इसके साथ ही 39 एकड़ में नया विधानसभा परिसर और वर्तमान में उद्घाटित हुआ हाईकोर्ट परिसर भाजपा सरकार की देन है।

हजारीबाग दुमका और पलामू में मेडिकल कॉलेज, रामगढ़ हजारीबाग में चार पेयजल आपूर्ति योजना, रामगढ़ में देश का तीसरा और पूर्वी भारत का पहला इंजीनियरिंग कॉलेज बनाने का काम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने ही किया है। जनजातीय तबके के लिए एकलव्य मॉडल स्कूल के माध्यम से 40 परिवारों के बच्चों को बेहतर पढ़ाई का अवसर मुहैया कराने का गौरव भी भाजपा सरकार की ही देन है।

आदिवासी हितों की दावेदारी करने वाले राजनीतिक दलों को आड़े हाथों लेते हुए श्री वाजपेई ने कहा कि आदिवासी के नाम पर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने वाले यहां के राजनीतिक दलों ने आदिवासी समाज की बहन द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के समय पुरजोर विरोध किया था, किंतु आदिवासी समाज की बहन को देश के सर्वोच्च पद पर आसीन करने का काम नरेंद्र मोदी सरकार की ही देन है। उन्होंने कहा की झारखंड की वर्तमान सरकार युवाओं को प्रति वर्ष 5लाख नौकरियां देने के वायदे कर सत्ता में आई पर उनसे पूछना चाहता हूं की उन्होंने अभी तक कितनी नौकरियां दी हैं ?

बिना किसी का नाम लिए उन्होंने कहा की झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री ने सत्ता में आते हीं अपनी पत्नी और परिवारों के नाम खनिज,बालू,शराब के साथ साड़ी और धोती के घोटाले किए है जिसके कारण आज ईडी और सीबीआई जांच के बाद उनके कई मंत्री और अधिकारियों समेत कई मंत्री पर एफआईआर दर्ज हुई है साथ की उनके लूट में हिस्सेदार रहे ब्यूरोक्रेट जेल की हवा खा रहे है।

बाजपेई जी ने मीडिया को बताया की झारखंड की वर्तमान सरकार ने नेता प्रतिपक्ष की घोषणा में सिर्फ इसलिए रोड़े अटकाए है ताकि इनके आभाव में लोकायुक्त,सूचनायुक्त,एवं महिला आयोग की घोषणा न हो पर और उनका भ्रष्टाचार परवान पर चढ़ता रहे।

प्रेस वार्ता में उपस्थित राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह रैना ने कहा कि महिलाओं को सम्मान,युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकाश योजना से मिल रहा मुफ्त प्रशिक्षण, प्रधानमंत्री वय वंदना योजना से सैचुरेशन मोड में वृद्धों को मिल रही पेंशन योजना, आयुष्मान योजना से लाखो परिवार को पाँच लाख तक मुक्त स्वास्थ्य बीमा,क्षेत्र के विकास हेतु सलाना मिल रही ढाई सौ से तीन सौ करोड़ की राशि, किशान,विद्यार्थि,रेलवे लाइन,मेडिकल कॉलेज अस्पताल, सड़को का जाल,पर्यटन स्थल, ट्राइबल स्टडीज,पतरातू थर्मल पावर प्लांट,अक्षय पात्रा, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान,जल,गैस पाइप लाइन,कोरोना से सुरक्षा हेतु साधन,सांसद मद, मुफ्त राशन आदि धरातल पर विकास की योजनाएं उतरी है।

वही मंचासीन अतिथियों में भाजपा के मांडू विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल,रामगढ़ प्रभारी शशिभूषण भगत,प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख सह कलस्टर प्रभारी मनोज कुमार सिंह,प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह,पूर्व लोकसभा सांसद यदुनाथ पांडे,पूर्व बीससूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह रामगढ़ जिले के प्रथम जिलाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व रामगढ़ विधानसभा भाजपा प्रत्यासी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू,वरिष्ट उपाध्यक्ष सह अभियान टोली के जिला संयोजक राजू चतुर्वेदी एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी उपस्थित थे।

## BRIEF NEWS

### कर्मवीर सिंह पूर्व विधायक पुत्कर हेंब्रम के गांव पहुंचे

**RANCHI :** भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह पश्चिम सिंहभूम जिला अंतर्गत पूर्व विधायक स्व पुत्कर हेंब्रम के सान मिरगी लिंडी गांव पहुंचे। वहां सिंह ने स्व. हेंब्रम की समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया तथा ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर उनके दुख की बेला में सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि पार्टी उनके साथ इस दुखद क्षण में खड़ी है। सिंह ने कहा कि पुत्कर हेंब्रम के रूप में पार्टी ने एक सच्चा सिपाही खो दिया। उनका पूरा जीवन मां भारती की सेवा में समर्पित रहा।

### आज बोकारो जाएंगे भाजपा प्रदेश प्रभारी

**RANCHI :** प्रदेश भाजपा प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई लगातार तीन दिनों से झारखंड में पार्टी के जनसंपर्क अभियान में भाग लेते हुए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कर रहें। इस क्रम में वे आज बोकारो जायेंगे। स्वागत कार्यक्रम के बाद वे 11 बजे पूर्वाह्न चंदनक्यारी विधानसभा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक में भाग लेंगे। तीन बजे बोकारो में उनकी पत्रकार वार्ता होगी, जबकि चार बजे अपराह्न बोकारो के अम्बे गार्डन होटल में बोकारो विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक में भाग लेंगे। 10 जून को डॉ वाजपेई हजारीबाग में 1.30 बजे अपराह्न विधायक मनीष जायसवाल के आवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। तीन बजे अपराह्न हजारीबाग में लोकसभा क्षेत्र स्तरीय जनसभा को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह रैना नौ जून को लातेहार एवं 10 जून को चतरा जिला के प्रवास पर रहेंगे।

### पलामू पहुंचे झारखंड के राज्यपाल, ग्रामीणों के साथ किया संवाद



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते राज्यपाल। ● द फोटोन न्यूज

**PALAMU :** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार की शाम पांच बजे पलामू पहुंचे। पलामू सीमा में आते ही एनएच 39 पर सतबरवा के बकोरिया में राज्यपाल का स्वागत किया गया। यहां से राज्यपाल मेदिनीनगर सदर प्रखंड के लहलहे पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने यहां ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित किया। इससे पहले राज्यपाल को लहलहे पंचायत भवन परिसर में ही जिला प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल पलामू जिले में दो दिनों तक रहेंगे। लहलहे पंचायत भवन के कार्यक्रम के बाद राज्यपाल मेदिनीनगर सर्किट हाउस में लौट जायेंगे। 9 जून को पूर्वाह्न 10 बजे राज्यपाल मेदिनीनगर परिसदन में विक्टिम कंपनसेशन वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। 11 पूर्वाह्न में जिले के रामगढ़ प्रखंड के नावाडीह पंचायत के सुरंगाही टोला के ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद कार्यक्रम है। इसमें शामिल होने के बाद इसी दिन राज्यपाल गढ़वा के रमकंडा में दोपहर 12.15 बजे जनता से संवाद स्थापित करने के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

**DUMKA :** भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक गुरूवार को जिला कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष परितोष सोरेन ने की। बैठक आगामी 15 जून को होने वाले दुमका विधानसभा स्तरीय सभी पांच मंडल के सातों मोर्चा के संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को सफल करने के निमित्त तैयारी को लेकर हुई। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश जिला मंडल के स्तर तक सभी मोर्चा के अलग-अलग सांगठनिक कार्यों का पुनर्मूल्यांकन एवं विस्तारीकरण सम्मेलन आयोजित होगी। दुमका विधानसभा स्तरीय बैठक में प्रदेश द्वारा नियुक्त प्रभारी महिला मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रेणुका मुर्मू विशेष रूप से उपस्थित हुई। उन्होंने उपस्थित सभी मंडलों से आए मोर्चा के अध्यक्षों से सांगठनिक रूप से कई जानकारियां दी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, पूर्व मंत्री डा लुईस मरांडी, महिला मोर्चा, प्रदेश उपाध्यक्ष अमिता रक्षित, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश मंडल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रूपेश मंडल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नीतू झा, किसान मोर्चा का मंडल अध्यक्ष कृष्णा महतो आदि मौजूद रहे।

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज आएंगे रांची

**RANCHI :** भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज रांची आयेंगे। वे दिल्ली से रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। फिर बिरसा चौक में बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद कोकर समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने बताया कि केंद्रीय मंत्री अपराह्न तीन बजे खूंटी जायेंगे और स्थानीय बिरसा कॉलेज के बहुउद्देश्यीय हॉल में भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस सह अखिल भारतीय सरना समाज के वार्षिक सम्मेलन में शामिल होंगे। अपराह्न 4.15 बजे मुरहू प्रखंड के हस्सा में हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेंगे। अपराह्न पांच बजे केंद्रीय मंत्री खूंटी परिसदन आयेंगे और वहां से रांची के लिए रवाना हो जायेंगे।

### झामुमो ने तोरपा में की सदस्यता अभियान की शुरूआत



कार्यक्रम में उपस्थित जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**KHUNTI :** झामुमो तोरपा प्रखंण्ड कमेटी ने गुरुवार को अपने सदस्यता अभियान की शुरूआत सुंदारी बगीचे में बैठक से की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पार्टी के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद मौजूद थे। मौके पर भाजपा के सुनील साहू सहित कई कार्यकर्ताओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि झामुमो माटी की पार्टी है और दिशुम गुरु शिबू सोरेन के संघर्षों से बनी पार्टी है। यहां किसी के तरह का भेदभाव नहीं किया जाता है। झामुमो सभी वर्गों को साथ लेकर चलता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यकाल स्वर्णीम रहा है। आदिवासी और मूलवासियों के हक अधिकार के लिए हमेशा लड़ने वाली पार्टी झामुमो ही रही है और आगे भी रहेगी। हेमंत तोपनो ने कहा कि झामुमो से जुड़कर हम पार्टी और हेमंत सोरेन को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि युवा नेता सुदीप गुड़िया तोरपा विधानसभा क्षेत्र के सबसे सुलभ नेता हैं और हर दुःख-सुख के साथी हैं। सुदीप गुड़िया ने कहा कि झामुमो जल, जंगल और जमीन की बात ही नहीं करती है, इस पर काम भी करती है।

Daily
सच के हक में...
THE PHOTON NEWS
03
www.thephotonnews.com
Friday, 09 June 2023


BRIEF NEWS

## सिकिदिरी में पेड़ से लटका मिला युवती का शव

**RANCHI :** जिले के सिकिदिरी थाना क्षेत्र में गुरुवार को लाधुप टुंगरी गांव के जंगल में पेड़ से लटका एक युवती का शव मिला। उसकी शिनाख्त ज्योति कुमारी के रूप में की गयी है। वह अनगड़ा की रहने वाली थी। शरीर में कहीं भी किसी प्रकार के जख्म के निशान नहीं मिले है। आशंका है कि उसने खुदकुशी की है। युवती का शव देखकर ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मृत युवती की हथेली पर आई लव यू पंचानन लिखा हुआ है। पुलिस को घटनास्थल से मृत युवती का मोबाइल और पर्स भी मिला है। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का प्रतीत होता है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## बिरसा उद्यान में मादा तेंदुए का जन्म, नाम पड़ा वैदेही

**RANCHI :** भगवान बिरसा जैविक उद्यान में पहली बार मादा तेंदुआ ज्योति ने मादा शावक को जन्म दिया। नन्हे शावक का नाम वैदेही रखा गया। मादा गौर रोशनी ने भी नर बच्चे को जन्म दिया, जिसका नाम हीरा रखा गया। उद्यान में आये पर्यटकों ने भी नन्हे जानवरों के साथ खेला और पदाधिकारियों ने केक काटे। 11 मई को हिप्पो लिली ने भी नर बच्चे को जन्म दिया, जिसका नाम मोती रखा गया। मौके पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी शशिकर सामंता, जब्बार सिंह मुख्य वन संरक्षक एवं निदेशक भगवान जैविक उद्यान ओरमांझी मौजूद थे। शशिकर सांमता ने कहा कि उद्यान के कर्मचारियों के सहयोग के कारण एवं पर्याप्त पौष्टिक आहार एवं उचित देखभाल के कारण वन्यप्राणियों की संख्या में वृद्धि हुई है।

## एसजीएफआई : 100 मीटर हर्डल्स स्पर्धा में सुजाना लकड़ा ने जीता गोल्ड

**RANCHI :** अंडर-19 स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तत्वावधान में भोपाल में 66वां नेशनल स्कूल गेम्स आयोजित किया जा रहा है। एथेलेटिक्स के 100 मीटर हर्डल्स स्पर्धा में सुजाना लकड़ा ने गोल्ड जीता है। सुजाना खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा की पुत्री है। सुजाना ने झारखंड के खाते में गुरुवार को पहला गोल्ड मेडल दिलाया। सुजाना लकड़ा रांची साई से प्रशिक्षण लेती हैं। पदक विजेता बनने पर सुजाना और कोच विनोद सिंह को शिक्षा विभाग, खेल विभाग, झारखंड ओलंपिक संघ के अधिकारियों और खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

## झारखंड के 11 जिलों में सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष का पद खाली, काम प्रभावित

**RANCHI :** झारखंड के 11 जिलों में चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी) के अध्यक्ष का पद खाली है। इनमें धनबाद, देवघर, गढ़वा, गिरिडीह, गोड्डा, लातेहार, पाकुड़, पलामू, सिमडेगा और चाईबासा जिले शामिल हैं। इसके अलावा इन सभी जिलों में मेंबर के कई पद भी खाली हैं। इसका असर इन जिलों में बच्चों की देखभाल व उनकी सुरक्षा के साथ ही कमिटी के कामकाज पर पड़ रहा है। सीडब्ल्यूसी जिलों में आवश्यकता वाले बच्चों की देखभाल और सुरक्षा, उपचार, विकास और पुनर्वास के मामलों को निपटाने के साथ बच्चों के हित के लिए काम करती है। समिति के कोरम के अनुसार प्रत्येक जिला में चार सदस्य व एक अध्यक्ष होते हैं। कई जिलों में एक-दो सदस्यों से ही काम चलाया जा रहा था।


atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776


# बिरसा मुंडा AIRPORT रांची ने जारी किया नया समर शेड्यूल

## नया समर शेड्यूल कल से होगा लागू, एक फ्लाइट के समय में हुआ बदलाव



**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट ने नया समर शेड्यूल जारी कर दिया। रांची से मुंबई उड़ान भरने वाली एक फ्लाइट के समय में बदलाव भी किया है। हालांकि, इस समर शेडयूल में आकाशा को शामिल नहीं किया है। नया समर शेड्यूल दस जून से लागू हो जायेगा। नये शेडयूल में 35 विमानों की सूची है। इसमें रांची-मुंबई के बीच शुरू हो रहीं नयी सेवा को शामिल किया गया है। इसमें चार फ्लाइट गो फर्स्ट के भी हैं, जिसकी सेवा फिलहाल बंद है। 35 विमान एयर एशिया, इंडिगो, एलायंस एयर विस्तारा और गो फर्स्ट के हैं। इसमें एयर एशिया ने रांची से मुंबई ड़ान भरने वाली एक फ्लाइट के समय में बदलाव कर दिया है।

## रांची एयरपोर्ट पर लगा 35.45 मीटर ऊंचा नया कंट्रोल टावर

झारखंड की राजधानी रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर नये तकनीकी ब्लॉक कम कंट्रोल टावर ने काम करना शुरू कर दिया है। साथ ही बिरसा मुंडा विमानपत्तन से गर्मी के सीजन में विमानों के आवागमन का विवरण यानी समर शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने बुधवार को बताया कि 10 जून 2023 से यह शेड्यूल प्रभावी होगा। इसके मुताबिक 35 विमानों का रांची एयरपोर्ट से देश के अलग-अलग शहरों के लिए परिचालन होगा। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी रांची ने बताया कि बुधवार को नये तकनीकी ब्लॉक कम कंट्रोल टावर का शैडो ऑपरेशन शुरू हुआ, जो 20 जून 2023 तक प्रभावी रहेगा। उपरोक्त से विमानों के यातायात प्रबंधन में आसानी होगी। सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। एयरपोर्ट डायरेक्टर केएल अग्रवाल ने कहा कि अनुमान है कि जून के अंतिम सप्ताह से नये तकनीकी ब्लॉक कम कंट्रोल टावर का पूरी तरह से परिचालन शुरू हो जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके निर्माण में करीब 10.34 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इस कंट्रोल टावर की ऊंचाई 35.45 मीटर है, जबकि पुराना कंट्रोल टावर 22.50 मीटर ऊंचा था। श्री अग्रवाल ने बताया कि नये तकनीकी ब्लॉक एवं कंट्रोल टावर का क्षेत्रफल पुराने तकनीकी ब्लॉक एवं कंट्रोल टावर से लगभग दोगुना है।

| एयरलाइंस | फ्लाइट संख्या | आगमन | सेक्टर |
|---|---|---|---|
| इंडिगो | 6ई 6431/6799 ए320एन | 07.20 | पुणे-रांची-बेंगलुरू |
| एयर एशिया | 1621/1622 ए320 | 07.25 | बेंगलुरू-रांची-बेंगलुरू |
| इंडिगो | 6ई 5037/5043 ए320 | 07.30 | दिल्ली-रांची-दिल्ली |
| इंडिगो | 6ई 7561/7562 एनटीआर72 | 08.00 | कोलकाता-रांची-कोलकाता |
| एयर एशिया | 5 569/315320 | 08.15 | दिल्ली-रांची-दिल्ली |
| इंडिगो | ई291/289एअ320ए | 09.05 | जयपुर-रांची-जयपुर |
| इंडिगो | 6ई 6521/6521एन 320एन | 09.35 | लखनऊ-रांची-भुवनेश्वर |
| एयर एशिया | 744/745ए320 | 09.50 | दिल्ली-रांची-दिल्ली |
| एयर एशिया | 331/335ए320 | 08.40 | मुंबई-रांची-मुंबई |
| एयर एशिया | 819/820ए320 | 11.15 | बेंगलुरू-रांची-बेंगलुरू |
| गोफर्स्ट | जी8 374/375 ए 320एन | 11.25 | बेंगलुरू-रांची-बेंगलुरू |
| इंडिगो | 6ई421/398ए321 | 11.30 | हैदराबाद-रांची-हैदराबाद |
| एयर एशिया | 710/549 ए320 | 2.00 | दिल्ली-रांची-दिल्ली |
| इंडिगो | 6ई 7965/7964 एनटीआर72 | 12.10 | देवघर-रांची-देवघर |
| इंडिगो | 6ई 6373/6722ए 320एन | 12.50 | पटना-रांची-पटना |
| इंडिगो | 6ई 6522/6522 ए 320एन | 13.10 | भुवनेश्वर-रांची-लखनऊ |
| इंडिगो | 6ई 6931/6932 ए 320एन | 13.55 | पटना-रांची-पटना |
| एयर एशिया | 763/338 ए 320 | 4.30 | मुंबई-रांची-मुंबई |
| एयर एशिया | 1781/1568 ए 320 | 14.40 | बेंगलुरू-रांची-बेंगलुरू |
| गो फर्स्ट जी | 8 237/238 ए 320 | 14.55 | दिल्ली-रांची-दिल्ली |
| इंडिगो | 6ई 6493/6654 ए 320 एन | 15.35 | अहमदाबाद-रांची-अहमदाबाद |
| इंडिगो | 6ई 2093/2094 ए 321 एन | 15.45 | दिल्ली-रांची-दिल्ली |
| इंडिगो | 6ई 363/341 ए 321 | 16.00 | मुंबई-रांची-मुंबई |
| इंडिगो | 6ई 6113/209 ए 321 | 16.40 | चेन्नई-रांची-चेन्नई |
| इंडिगो | 6ई 7234/7116 | 16.50 | कोलकाता-रांची-कोलकाता |
| एयर एशिया | 559/560 ए 320 | 17.25 | दिल्ली-रांची-दिल्ली |
| एलायंस एयर | 719/720 एटीआर 72 | 7.30 | कोलकाता-रांची-कोलकाता |
| इंडिगो | 6ई 2323/2054 ए 320 एन | 18.15 | गोवा-रांची-गोवा |
| गोफर्स्ट | जी8 387/388 ए320एन | 8.25 | मुंबई-रांची-मुंबई |
| इंडिगो | 6ई 2535/2422 320एन | 18.55 | दिल्ली-रांची-दिल्ली |
| गोफर्स्ट जी | 8 167/148 ए 320 | 19.20 | दिल्ली-रांची-दिल्ली |
| इंडिगो | 6ई 7674/7235 एटीआर 72 | 9.35 | कोलकाता-रांची-कोलकाता |
| विस्तारा | यूके 753/754 ए 320 | 19.45 | दिल्ली-रांची-दिल्ली |
| इंडिगो | 6ई 186/191 ए 320एन | 20.00 | हैदराबाद-रांची-दिल्ली |
| इंडिगो | 6ई 6091/672ए 320एन | 20.10 | बेंगलुरू-रांची-पुणे |

# LOVE JIHAD : मॉडल का कोर्ट में बयान दर्ज

## तनवीर की तलाश में छापेमारी जारी



रांची सिविल कोर्ट में लव जिहाद की पीड़िता मानवी ● फोटोन न्यूज

**CRIME REPORTER RANCHI :** लव जिहाद और यौन शोषण मामले में जुडिशल मजिस्ट्रेट सृष्टि घई की अदालत में पीड़ित मॉडल मानवी राज ने गुरुवार को सीआरपीसी की धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराया। बुधवार को रांची पहुंचने पर उसका मेडिकल और कोरोना टेस्ट किया गया था। कोर्ट में मॉडल का बयान दर्ज कराने को लेकर मामले के अनुसंधानकर्ता विवेक कुमार उसके साथ कोर्ट पहुंचे थे। साथ में महिला पुलिसकर्मी भी उनके साथ थी। दूसरी तरफ आरोपी तनवीर अख्तर खान की तलाश की जा रही है। तनवीर की तलाश में पुलिस बिहार के शेरघाटी तक भी पहुंची है लेकिन अबतक तनवीर का पता नहीं चल सका है। दूसरी तरफ मॉडल सुरक्षा की गुहार लगा रही है। मॉडल ने कहा, इस मामले में तनवीर फरार है। उससे हमें खतरा है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है लेकिन अबतक उसका कुछ पता नहीं चल सका है। ध्यान रहे कि लव जिहाद के इस मामले की जांच के लिए रांची पुलिस मुंबई गई थी। वहां मॉडल से पूछताछ की गयी। मॉडल ने सारे सबूत दिए। पुलिस अब इस मामले में तनवीर की तलाश कर रही है ताकि उससे पूछताछ की जा सके। मॉडल को रांची बुलाया गया है जहां उसका बयान भी दर्ज कर लिया गया है।

### मॉडल ने बताई पूरी कहानी

कोर्ट में मॉडल के साथ इस केस के अनुसंधानकर्ता विवेक कुमार भी कोर्ट पहुंचे थे। बयान दर्ज होने के बाद अब तनवीर अख्तर की तलाश शुरू होगी। दर्ज प्राथमिकी में मॉडल ने बताया है कि कैसे वह यश मॉडल तक पहुंची उसने वहां काम करना शुरू किया। होली के दौरान तनवीर अख्तर ने अपने कोचिंग संस्थान में पार्टी दी थी। मॉडल ने बताया है कि कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ गलत काम किया गया। घटना का वीडियो भी बना लिया और बार-बार आरोपी की ओर से वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करता था। उसे जान से मारने की धमकी देकर आरोपी ने उसे फिर रांची बुलाया और बार-बार शारीरिक संबंध बनाता रहा। मॉडल किसी तरह मुंबई चली गयी तो वहां भी इसने पीछा किया और धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाने लगा। अब इस एफआईआर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रांची पहुंचने पर र उसका मेडिकल और कोरोना टेस्ट किया गया।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर प्रशासन अलर्ट सभी जिलों में पहचान-सत्यापन की कार्रवाई शुरू

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड के कई जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठिए बस रहे हैं। संथाल परगना इलाके में लंबे समय से सैकड़ों बांग्लादेशी घुसपैठिए के रूप में रह रहे हैं। धीरे-धीरे वे दूसरे जिले में भी फैलते जा रहे हैं। कुछ स्थानीय नेता व लोगों की सहायता से वे मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड सहित अन्य कागजात तैयार करके जमीन भी खरीद रहे हैं। विशेष शाखा के पुलिस अधीक्षक ने सरकार को यह खुफिया जानकारी दी है। साथ ही सभी जिलों के डीसी को पत्र भेजकर कहा है कि राज्य की आंतरिक सुरक्षा को खतरा न हो, इसलिए सभी जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों का सत्यापन और निगरानी कराएं।

इधर विशेष शाखा की ओर से पत्र मिलने के बाद रांची के डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सदर और बुंडू के एसडीओ समेत सभी बीडीओ-सीओ और थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नागरिकों का सत्यापन कराने, मुखबिर के माध्यम से क्षेत्र में नए आए लोग और बांग्लादेशी घुसपैठियों से संबंधित जानकारी जुटाकर उसका सत्यापन करने का निर्देश दिया है। डीसी ने कहा कि सत्यापन के बाद नियमित रूप से निगरानी रखते हुए हरेक माह इसकी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजे जाने की भी बात कही है ताकि बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान हो सके और नियम संगत कार्रवाई भी की जा सके।

रांची के नए बसावट वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी का आदेश

रांची के नए बसावट वाले क्षेत्रों में बाहरी लोगों के बसने की सूचना पिछले कई वर्षों से सामने आ रही है। कुछ समय पहले सिल्ली-मुरी के रास्ते नामकुम, रातू व धुर्वा क्षेत्र में भी कुछ बांग्लादेशियों के आने की सूचना मिली थी। हालांकि,उस समय पुलिस-प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया लेकिन अब जब विशेष शाखा ने सभी जिलों को बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश करने की सूचना दी तो प्रशासन इस मामले को लेकर रेस हो गया है। पुंदाग, धुर्वा, जगन्नाथपुर, रातू, कांके, ओरमांझी, नामकुम व नए बसावट वाले क्षेत्रों में निगरानी का भी निर्देश दिया गया है।

# अब प्राइवेट हॉस्पिटल-क्लिनिक वालों की नहीं चलेगी मनमानी, सेवाओं और चार्ज के साथ लगाना होगा डिस्प्ले

## स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया आदेश, उल्लंघन करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य में अब प्राइवेट हॉस्पिटल-क्लिनिक और नर्सिंग होम वालों की मनमानी नहीं चलनेवाली। किसी भी मरीज से अलग-अलग सर्विस के लिए मनमाना चार्ज नहीं ले सकेंगे। क्योंकि, स्वास्थ्य विभाग ने इसे लेकर पिछले हफ्ते ही आदेश जारी कर दिया है। सारे हॉस्पीटल-क्लिनिक और नर्सिंग होम को अपने यहां डिसप्ले लगाना होगा। डिसप्ले में हॉस्पिटल में दी जाने वाली सेवाओं और उसका चार्ज भी लिखना होगा। ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ विभाग कार्रवाई करेगा। इतना ही नहीं गड़बड़ी पाए जाने पर हॉस्पिटल का लाइसेंस भी कैंसिल किया जा




सकता है। वहीं, एक्ट के तहत उनपर कार्रवाई भी की जाएगी।

**क्लिनिकल इस्टैबलिशमेंट एक्ट में भी है प्रावधान :** राज्य में किसी भी प्राइवेट या सरकारी हॉस्पिटल के संचालन के लिए क्लिनिकल इस्टैबलिशमेंट एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन कराने का प्रावधान है। जिसमें हर एक साल के बाद लाइसेंस को रिन्युअल कराना भी है। इसके अलावा हॉस्पिटल में दी जाने वाली सुविधाओं और उसका रेट भी लगाने का निर्देश है। साथ ही यह भी कहा गया है कि रेट चार्ट ऐसी जगह पर लगाए जिससे कि रजिस्ट्रेशन नंबर और रेट की जानकारी स्पष्ट रूप से दिखाई दे। इसके बावजूद ज्यादातर प्राइवेट हॉस्पिटल इस आदेश को मानने को तैयार नहीं है। और न ही उन्होंने हॉस्पिटलों में कोई रेट चार्ट लगाया है जिससे कि लोगों को हॉस्पिटल में दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी मिल सके।

### आरटीआई से मांगी गई थी जानकारी

सोशल एक्टिविस्ट ज्योति शर्मा ने 2019 में स्वास्थ्य विभाग से क्लिनिकल इस्टैबलिशमेंट एक्ट के तहत रजिस्टर्ड हॉस्पिटलों की जानकारी मांगी थी। इसके बाद उन्होंने कई बार रिमाइंडर भी भेजा। लेकिन आजतक उन्हें कुछ जिलों को छोड़ बाकि जिलों के हॉस्पिटलों के रजिस्ट्रेशन की जानकारी भी नहीं उपलब्ध कराई गई है। जबकि प्राइवेट व सरकारी हॉस्पिटलों के रजिस्ट्रेशन की मॉनिटरिंग का जिम्मा सिविल सर्जन का है। इसे लेकर कई बार हॉस्पिटलों के खिलाफ कंप्लेन भी की गई है। लेकिन हॉस्पिटलों पर कार्रवाई के नाम पर केवल आईवॉश किया जा रहा है।

## महिला जूनियर एशिया कप : दीपिका सोरेंग प्लेयर ऑफ द मैच

# SEMI-FINAL में पहुंची TEAM INDIA, चीनी ताइपे को 11-0 से दी मात

**PHOTON NEWS RANCHI :** जापान के काकामीगहारा में चल रहे महिला जूनियर एशिया कप 2023 में मंगलवार को भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपने आखिरी पूल ए गेम में चीनी ताइपे को 11-0 से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय टीम शुरूआत से हावी रही। मैच के पहले मिनट में वैष्णवी विठ्ठल फाल्के ने गोल किया और आखिरी गोल 57 वें मिनट पर सुनिलिता टोप्पो ने किया। टीम की ओर से अन्नु और सुनिलिता टोप्पो ने 2-21 से और उज्बेकिस्तान को 22-0 से हराया था। वहीं तीसरे मुकाबले में कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला। बता दें कि इस टीम में झारखंड की तीन खिलाड़ी



दीपिका सोरेंग

दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी है। भारतीय टीम के प्रदर्शन पर खेल विभाग और हॉकी विभाग के अधिकारियों और खेल प्रेमियों ने बधाई दी। बता दें कि मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड सिमडेगा की कारगागुड़ी की बेटी दीपिका सोरेंग को मिला है।

## भारतीय तीरंदाजों का कमाल, कंपाउंड और रिकर्व के फाइनल में बनायी जगह

सिंगापुर में चल रहे एशिया कप स्टेज 3 में भारतीय तीरंदाजों ने अपना कमाल दिखाया है। भारतीय महिला टीम कंपाउंड में और पुरुष जूनियर टीम रिकर्व के फाइनल में पहुंच गयी है। कंपाउंड महिला टीम ने चीन को 128-124 से हराया। वहीं रिकर्व पुरुष टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 6-0 से मात दी। रिकर्व जूनियर पुरुष टीम का फाइनल मुकाबला चीन से 10 जून को होगा। जबकि इसी दिन कंपाउंड महिला टीम दक्षिण कोरिया के खिलाफ भिड़ेंगी।

**2018 तक इंडियन राउंड के तीरंदाज थे रोहित कुमार :** बता दें भारतीय रिकर्व पुरुष टीम में शामिल रोहित कुमार खेलो इंडिया सेंटर सिल्ली के प्रशिक्षु हैं। वे 2018 से इस संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। 2018 तक रोहित कुमार इंडियन राउंड के तीरंदाज थे। लेकिन सेंटर में आने के बाद कोच की सलाह पर उन्होंने रिकर्व को चुना और आज देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। रोहित के मुख्य कोच प्रकाश राम, मुकेश तुरी और शिशिर महतो हैं। फाइनल में पहुंचने पर समस्त प्रशासकों व प्रशिक्षकों ने भारतीय टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## आनी-भुसूर की हाउसिंग स्कीम के लिए 349 लोगों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

**RANCHI :** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप (एएचपी) स्कीम के तहत रांची के आनी और भुसूर में 29 एकड़ जमीन पर 4400 आवास बनाए जाने हैं। नगर विकास विभाग ने फ्लैटों के लिए रजिस्ट्रेशन करना शुरू कर दिया है। लेकिन लोग इस योजना में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। अब तक सिर्फ 349 लोगों ने ही रजिस्ट्रेशन करवा कर फीस जमा किया है। धुर्वा इलाके में जिन लोगों ने एचईसी और सरकार की जमीन पर कब्जा कर अवैध तरीके से झुग्गी-झोपड़ियां और स्लम बस्तियां बसा ली हैं, उन लोगों को यहां बसाने की योजना है। सरकार को यहां एक फ्लैट बनाने में 1142811 रुपये लागत आएगी। इसमें से ढाई लाख रुपये सरकार देगी। लाभुकों को कई किस्तों में अंशदान के रूप में 892811 रुपये देना है, लेकिन वन बीएचके फ्लैट के लिए अधिकांश लोग यह राशि देने को तैयार नहीं हैं। यही वजह है कि रजिस्ट्रेशन कम हो रहा है।

# गैस एजेंसी के स्टाफ से हथियार के बल पर 46 हजार की लूट

## बाइक सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

**CRIME REPORTER RANCHI :** पिठोरिया थाना अंतर्गत रांची पतरातु मुख्य सड़क केला बागान के समीप दो बाइक सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने गैस एजेंसी के स्टाफ से हथियार के बल पर 46 हजार 4 सौ रुपये लूट कर फरार हो गए। घटना बुधवार शाम लगभग 6:15 बजे की है। जानकारी के अनुसार आलम इंडेन ग्रामीण वितरक पिठौरिया गैस एजेंसी के स्टाफ अमित नायक और सज्जाद मंसूरी रोजाना की तरह बुधवार सुबह 10 बजे आलम इंडेन ग्रामीण वितरक पिथोरिया से गैस लेकर पिकअप वैन में होम डिलीवरी के लिए निकले। केला बागान, समटोली, बरवाटोली, बाडू, चामा, पतगाई, बुकरू चौक, वास्तु विहार, ग्रीन सिटी, एकता स्टेट, हुसीर, आइटीबीपी से डिलीवरी कर वापस लौट रहे थे। आने के दौरान लगभग शाम 6:15 बजे केला बागान के समीप दो बाइक में



पीड़ित स्टाफ

सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने गाड़ी को रुकवाया। बोला कि हम लोग को गैस लेना है। इस पर गाड़ी पर सवार स्टॉप अमित नायक ने कहा कि, गैस नहीं है कल सुबह 9 बजे मिलेगा। उन लोगों ने अमित नायक से फोन नंबर मांगा। फोन नंबर देने के दौरान अपराधियों ने अचानक हथियार निकाल कर अमित नायक पर सटाकर करीब 40 सिलेंडर का पैसा 46 हजार 4 सौ रुपये, और अमित के पास से 580 रुपये लूट कर तीनों अपराधियों दो बाइक में सवार होकर रांची की ओर फरार हो गए। बाद में इसकी सूचना पिथोरिया पुलिस को दी गई। पिठोरिया थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# व्यवसायी SHANKAR SAW हत्याकांड का उद्भेदन, अभियुक्त पप्पू मेहता गिरफ्तार

**PHOTON NEWS KODARMA**

जिले के नवलसाही में तीन जून को चावल कारोबारी शंकर साव की हत्या के मामले में मामले का उद्भेदन कर लिया गया है। इस मामले में अभियुक्त पप्पू कुमार मेहता को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। कोडरमा एसपी में गुरुवार को प्रेस वार्ता कर एएसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि नवलसाही के नवादा निवासी नकुल साव के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी इसमें शंकर कुमार साव की चाकू मारकर हत्या का मामला दर्ज हुआ था।

कांड को लेकर एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अनुसंधान टीम का गठन किया। घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्य और तकनीकी शाखा के सहयोग से अंजाम देने वाले अभियुक्त पप्पू कुमार मेहता (26 ) को गिरफ्तार किया गया। वहीं घटनास्थल से साक्ष्य और अभियुक्त के द्वारा उपयोग किया गया चाकू तथा अन्य सामान भी बरामद किया गया।

उन्होंने बताया कि कारोबारी शंकर साहू से रुपए की लूट के दौरान की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के बाद अभियुक्त अपने ससुराल गया और फिर दिल्ली भाग गया। जब पुलिस टीम दिल्ली पहुंची तो वह वहां से वापस अपने घर चला आया, जहां से उसे पकड़ा गया।



गिरफ्तार अपराधी व जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

## पलामू में जेसीबी जलाने के दो आरोपी गिरफ्तार, 20 लाख मांगी थी रंगदारी

**PHOTON NEWS PALAMU**

जिले की सतबरवा पुलिस ने जेसीबी मशीन को आग के हवाले करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दोनों को गुरुवार को पुलिस ने मेदिनीनगर जेल भेज दिया है। पुलिस के समक्ष गिरफ्तार किए गए अपराधियों ने कांड में संलिप्त होने की बात कबूल की है।

थाना प्रभारी को अपराधियों ने गुरुवार को यह भी बताया कि 20 लाख रुपये रंगदारी नहीं मिलने पर जेसीबी मशीन को सतबरवा के ठेमी गांव में पार्क कर लगाए गए स्थल पर केरोसिन छिड़ककर जला दिया था। इस घटना में छह अपराधी शामिल थे। थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि पकड़े गए दो आरोपितों में एक मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के गनके गांव के संजय सिंह और दूसरा सतबरवा के फुलवरिया गांव के ज्ञानदीप सिंह है। पुलिस ने इनके पास से दो एंड्राइड मोबाइल फोन और तीन बाइक जब्त की है।



गिरफ्तार आरोपी व जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

## पलामू में उत्कृष्ट विद्यालय के पहले नामांकन में विवाद, हंगामा

**PHOTON NEWS PALAMU**

उत्कृष्ट विद्यालय के पहले नामांकन में विवाद हो गया है। जिला स्कूल को राज्य सरकार ने उत्कृष्ट विद्यालय में परिणत किया है। इस विद्यालय में पिछले दिनों कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा ली गई थी। रिजल्ट आने के बाद सफल छात्रों की लिस्ट जारी की गई। अपने बच्चों के नामांकन की उम्मीद लिए स्कूल पहुंचे अभिभावक लिस्ट देखते ही भड़क गए और प्राचार्य के साथ साथ डीइओ पर धांधली करने का आरोप लगाया।

कक्षा 6 से 8 तक 80, 9वीं में 120 एवं 11वीं में भी 120 बच्चों का नामांकन इस उत्कृष्ट विद्यालय में लिया जाना है। नामांकन के लिए पिछले कई दिनों से अभिभावक परेशान हैं। गुरूवार को भी बड़ी संख्या में अभिभावक पहुंचे थे। अभिभावक राकेश कुमार सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी बेटी सोनम ने कक्षा 9 में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा दी थी, लेकिन लिस्ट में उसका नाम नहीं आया। वैसे बच्चों का नाम आया, जिन्होंने उसकी पुत्री से पूछकर या उसकी कॉपी देखकर परीक्षा दी थी। उन्होंने कहा कि मेधा सूची बनाने में पहुंच और पैरवी का खूब खेल हुआ है।

इसी तरह प्रवेश परीक्षा लिखने वाले अन्य छात्रों ने कहा कि उनका नाम लिस्ट में नहीं है। उसे फेल कर दिया गया है। जब उतरपुस्तिका सार्वजनिक करने की मांग करते हैं तो प्राचार्य दिखाने से कतरा रहे हैं। एक अन्य अभिभावक ने कहा कि रिजल्ट देखने के लिए जो वेबसाइट का एड्रेस सार्वजनिक किया गया है, उसपर रिजल्ट है ही नहीं। नामांकन के लिए इस भीषण गर्मी में तीन चार दिनों से स्कूल का चक्कर लगा रहे हैं।

इधर, इस मामले में प्राचार्य करूणा शंकर तिवारी ने कहा कि नियमतः रिजल्ट जारी किया गया है। उतरपुस्तिका की जांच में पारदर्शिता बरती गई है। सारा रिजल्ट डीइओ कार्यालय से जारी हुआ है। जिन अभिभावकों को इसमें संदेह है, वे संबंधित कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



विद्यालय में हंगामा करते अभिभावक। ● द फोटोन न्यूज

### पीवीयूएन लिमिटेड का 15 दिवसीय समर कैंप संपन्न

## छात्राओं ने योग, आत्मरक्षा ललित कला आदि के सीखे गुर

**PHOTON NEWS RAMGARH**

पीवीयूएन लिमिटेड का 15 दिवसीय समर कैंप का गुरूवार को समारोह पूर्वक समापन हुआ। मुख्य अतिथि रवींद्र कुमार, सीईओ (पीवीयूएन) ने समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर निश्चित रूप से पतरातू के बच्चों के सशक्तिकरण को गति देगा।

उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए टीम की प्रशंसा की और स्वर्णरेखा महिला समिति और बाल भवन को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। शिविर के दौरान छात्रों को योग, आत्मरक्षा, ललित कला और जीवन के अन्य कौशल से अवगत कराया गया। समर कैंप 2023 एनटीपीसी के बालिका सशक्तिकरण मिशन के अनुरूप था, जो एक प्रमुख सीएसआर पहल है। जिसका उद्देश्य युवा लड़कियों को उनके सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए सशक्त बनाना है। शिविर के लिए आसपास के गांवों के 80 छात्र आगे आए।

मौके पर अलकनंदा पांडा उपाध्यक्ष (स्वर्णरेखा महिला समिति) ने युवा प्रतिभाशाली समूह को उनके प्रयासों और इसे सफल बनाने के लिए सराहना की और धन्यवाद दिया। समापन समारोह के मुख्य कार्यक्रम में बच्चों द्वारा पिछले 15 दिनों की सीख पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें कराटे, योग, नृत्य और थिएटर प्रदर्शन शामिल थे। समर कैंप में शामिल प्रतिभागी अनु ने कहा कि मुझे समर कैंप के दौरान घर जैसा महसूस हुआ और मैंने बहुत सी चीजें सीखीं। इस कार्यक्रम में बच्चों के माता-पिता और पीवीयूएन कंपनी परिवार ने भाग लिया।



समर कैंप के दौरान योगाभ्यास करती छात्राएं। ● द फोटोन न्यूज

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

**PHOTON NEWS KHUNTI**

उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने सुदूर क्षेत्र में आधार पंजीकरण एवं अद्यतन केंद्रों की आवश्यकता का आकलन करते हुए उन क्षेत्रों में आधार पंजीकरण केंद्र की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी आयु वर्ग में सौ प्रतिशत आधार सैचुरेशन के साथ बच्चों का अनिवार्य रूप से बायोमैट्रिक अद्यतन सुनिश्चित करने को कहा। जिला समाज कल्याण विभाग के यूआइडी किट को एक्टिवेट कर शीघ्र ही पंजीकरण का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। दस वर्ष पूर्व पंजीकृत आधार में सभी नागरिकों को पता एवं पहचान से संबंधित दस्तावेजों को भी अपलोड एम-आधार या आधार केंद्रों के माध्यम से करने के निर्देश दिए।

डीसी ने शुन्य से पांच वर्ष के आयुवर्ग के बच्चों के आधार पंजीकरण में भी तीव्रता लाने के निर्देश दिए। डीसी ने अस्पताल, शिक्षा विभाग, बैंकों तथा जिला समाज कल्याण विभाग के यूआइडी किट को सक्रिय करते हुए आधार पंजीकरण का कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार, आइटीडीए डायरेक्टर, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, सिविल सर्जन, जिला अग्रणी बैंक पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।



बैंठक करते उपायुक्त शशि रंजन व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

## धनबाद : कापासरा में प्रबंधन और आउटसोर्सिंग कर्मियों के बीच जमकर मारपीट, पांच घायल

**PHOTON NEWS DHANBAD**

जिले के निरसा स्थित ईसीएल मुगमा क्षेत्र के कापासारा आउटसोर्सिंग में गुरुवार को कोयला चोरी के विवाद में प्रबंधन और आउट सोर्सिंग कर्मियों के बीच हुई जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों के पांच लोगों को चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची निरसा व गलफरबाड़ी ओपी पुलिस ने मामला शांत कराया। दोनों पक्ष मामला दर्ज करा रहे हैं।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि गुरुवार सुबह आउटसोर्सिंग प्रबंधन के निजी कर्मी आउटसोर्सिंग स्थल पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वहां पर आउटसोर्सिंग कर्मी मुन्ना महतो, बिट्टू गोस्वामी, राजू राय और मधुसूदन बाउरी गलत तरीके से कोयला लेकर जा रहे थे। इसे देख प्रबंधन के निजी कर्मी हर्षित राय, राहुल राय व अन्य ने मना किया। इस पर वे लोग उनलोगों से उलझ गए। दोनों के बीच मारपीट होने लगी। मारपीट की सूचना पर आउटसोर्सिंग प्रबंधक हरीशंकर पांडेय मौके पर पहुंचे। इसके बाद कोयला ले जा रहे कर्मियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। उसके बाद दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई।

बताया जा रहा है कि इस दौरान प्रबंधन के लोगों ने तीन कर्मियों को मौके से जबरन उठाकर अपने साथ ले गए और उन लोगों की पिटाई की। इसे देख वहां पर मौजूद ग्रामीण और आक्रोशित हो गए और हंगामा शुरू कर दिया। मामला बढ़ता देख निरस पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया।

भुक्तभोगी मधुसूदन बाउरी ने बताया कि वह घर में चुल्हा जलाने के लिए कोयला ले जा रहा था। इस पर आउटसोर्सिंग प्रबंधन के लोगों ने कोयला चोरी का आरोप लगाकर मारपीट की। प्रबंधक पांडेय ने कहा कि जब आउटसोर्सिंग में काम करने वाले कर्मी ही कोयला चोरी कर ले जायेंगे तो कोयला चोरी कैसे रूकेगी। इसी बात को समझाने पर उल्टे वे लोग मारपीट कर दी। उन्होंने कहा कि मैंने कई बार कर्मियों को चोरी छिपे कोयला ले जाने से मना किया था लेकिन वे लोग रुकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं।

### JHARKHAND प्रदेश वैश्य मोर्चा का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

# वैश्य समाज एकता बनाकर चले तो हर मुसीबत का किया जा सकता है सामना : महेश्वर साहु

**PHOTON NEWS RAMGARH**

उत्सव मैरेज हॉल भुरकुंडा में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु के नेतृत्व में संपन्न हो गया। इसमें उत्तरी छोटानागपुर के अलावा रांची जिला के भी पदाधिकारी शामिल हुए।

सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। जबकि संचालन केंद्रीय महासचिव आदित्य नारायण प्रसाद एवं बीरेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। सर्वप्रथम स्वागत समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल के नेतृत्व में अतिथियों का स्वागत किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी एवं रेखा मंडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

सम्मेलन में दो प्रस्ताव पारित हुए। पहले प्रस्ताव में कहा गया कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों-व्यवसायियों के 10 रुपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज के ऊपर हो रहे हमले, शोषण-दमन, हत्या, लूट पर रोक लगाने के खिलाफ आंदोलन को और तेज किया जायेगा। जबकि दूसरे प्रस्ताव में कहा गया कि 6 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले महाधरना कार्यक्रम में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के जिलों से 200 प्रमुख कार्यकर्ता शामिल होंगे।

सम्मेलन के दौरान वैश्य समाज के 10 प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया गया। इसमें इसमें डॉ. कामेश्वर प्रसाद, पूर्व निदेशक रिम्स (सांकुल) राम गोपाल अग्रवाल भुरकुंडा, अशोक अग्रवाल भुरकुंडा, सेना से सेवानिवृत फौजी एवं किसान अमित साहु भुरकुंडा, अवधेश शर्मा पत्रकार दैनिक भास्कर भुरकुंडा, डॉ. रामबली प्रसाद सौंदा डी, आकांक्षा मित्तल बैंकर्स (पीएनबी) सहित स्व. जगदीश प्रसाद वर्णवाल, स्व. गुलाब चंद्र अग्रवाल एवं स्व. भुनेश्वर साव शामिल हैं।

मौके पर मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि बिना संघर्ष के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता है। वैश्य मोर्चा ने अपने संघर्षों के बल पर ही यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि आज अगर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का मामला सरकार और विपक्ष के लिए मुद्दा बना हुआ है तो इसमें सबसे बड़ा योगदान वैश्य मोर्चा के कार्यकताओं का है।

साहु ने कहा कि संगठन और सामाजिक एकता में बहुत ताकत होती है, वैश्य समाज एकता बना कर चले तो हर मुसीबतों का सामना किया जा सकता है। मौके पर केंद्रीय महासचिव हरिनाथ साहु, संगठन सचिव रामाशंकर राजन, त्रिभुवन प्रसाद, शैलेन मंडल, रोहित कुमार साहु, मुन्ना प्रसाद गुप्ता, केंद्रीय सदस्य डॉ. अरविंद कुमार, गीता देवी, चिंता देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। सम्मेलन को सफल बनाने में मुकेशलाल सिंदूरिया, उपेन्द्र गुप्ता, श्रीनिवास अग्रवाल, देवकुमार पंडित, भुनेश्वर साव, उपेन्द्र शर्मा, जीवन गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही।





समाज के प्रबुद्धजन को सम्मानित करते अतिथि । ● द फोटोन न्यूज

## BRIEF NEWS

### पंचायत भवन सभागार में मनाया गया आवास दिवस एवं रोजगार दिवस

**RAMGARH :** चूरचु प्रखंड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बहेरा पंचायत भवन सभागार में आवास दिवस एवं रोजगार दिवस मनाया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बहेरा पंचायत के मुखिया सह चूरचु प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष देवकी महतो ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गणेश प्रजापति सुनिल कुमार रेखा देवी ललन प्रासाद महादेव रविदास उपस्थित थे इस कार्यक्रम के माध्यम से एमपी आवास जिन लाभुक को मिला है उन लाभुकों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने को कहा गया है आवास से सम्बंधित जो भी पदाधिकारी है उन सभी को लाभुक से मिल कर आवास पूर्ण करने को मुखिया देवकी महतो के द्वारा कहा गया कि जो भी लाभुक आवास का पैसा लिये है पहला किस्त या दूसरा तीसरा या पूर्ण पैसा लिये है वे सारे जीतना पैसा लिये है उतना काम एक सप्ताह के अन्दर आवास का काम पूर्ण करा लें और आवास पूर्ण नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई कि जायेगी

### खड़ी कार को हाईवा ने मारी टक्कर

**RAMGARH :** भुरकुंडा मेन रोड स्थित गुरुद्वारा के समीप गुरुवार की सुबह हाईवा ने खाड़ी कार को सामने से टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार जेएच 24 जी 6747 नंबर की कार सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान कोयला लदी हाइवा जेएच 09 एसएफ 9931 पतरातू की ओर जाने के क्रम में सड़क किनारे खड़ी कार को सामने से टक्कर मार दी। जिस पर कार मलिक शुभ राजभर हाइवा चालक को पकड़ कर गाड़ी की चाभी लेते हुए कहा कि अपने मलिक को बुलाकर लाओ। हालांकि दुर्घटना से किसी को जान माल की नुक्सान नहीं हुआ है। शुभ राजभर सीसीएल अस्पताल में गार्ड के पद पर कार्यरत है।

### फरार अभियुक्त को भुरकुंडा पुलिस ने भेजा जेल

**RAMGARH :** रंगदारी मांगने के आरोप में फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भुरकुंडा पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेजा है। उक्त जानकारी देते हुए भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी सतीश ठाकुर को गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से पकड़ा गया है। सतीश ठाकुर 2019 से फरार चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त को कांड संख्या 108/19, धारा 385/386 एक्ट के तहत न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### जमानत पर जेल से बाहर आनेवाले अपराधियों पर नजर रखें : एसपी

**KHUNTI :** एसपी कार्यालय के सभागार में गुरुवार को एसपी अमन कुमार की अध्यक्षता में मासिक क्राइम मीटिंग का आयोजन हुआ। मौके पर थानावार कांडों की समीक्षा की गई और साथ ही विभिन्न कांडों के डिस्पोजल और वारंट कुर्की के निष्पादन के स्थिति की समीक्षा की गई। क्राइम मीटिंग में एसपी ने सभी थानेदारों को जमानत पर बाहर आनेवाले अपराधियों पर कड़ी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया, जिससे अपराधी दोबारा अपराध करने के बारे में न सोचे। एसपी ने उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में लगातार नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ अभियान चलाने, अवैध अफीम की खेती और इससे जुड़े कारोबारियों के विरुद्ध कारगर कार्रवाई करने और संदिग्धों पर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित करने और पुराने मामलों को एक तय समय सीमा में डिस्पोजल करने का निर्देश दिया।

### कोडरमा में आग से झुलसे शख्स की मौत

**KODARMA :** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र के पिपराही में बुधवार की देर रात घर में आग लगने से झुलसे सुरेंद्र सिंह (34) की गुरुवार को सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सदर अस्पताल में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### उलिहातू के विकास को लेकर प्रशासन ने किया मंथन, डीसी ने दिए निर्देश

**KHUNTI :** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू के विकास को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को उचित कार्य योजना के आधार पर उलिहातू के समग्र विकास के उद्देश्य को पूरा करने निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि उलिहातू के विकास को लेकर उचित एक्शन प्लान तैयार किया जाना है। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू ऐतिहासिक स्थल है। उलिहातू के विकास से क्षेत्र का भी सर्वांगीण विकास होगा। उलिहातू को उदाहरण के रूप में विकसित करने की योजना है। इसमें सभी विभागों को अपने स्तर से कार्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। बैठक में मुख्य रूप में विकास के आवश्यक घटकों पर चर्चा की गई, इनमें स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सिंचाई, पेयजल, बिजली, रोड कनेक्टिविटी, आंगनबाड़ी केंद्र व पर्यटन विकास शामिल है। इन सभी मानकों में उत्तरोत्तर सुधार सुनिश्चित करते हुए उलिहातु का समग्र विकास सुनिश्चित करना होगा। उलिहातू को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। इससे जनजातीय संस्कृति को संरक्षित करने के साथ ही क्षेत्र का विकास भी संभव होगा।

### पीएलएफआई के एरिया कमांडर को गिरफ्तार करने वाले तीन पुलिस अधिकारी सम्मानित

**KHUNTI :** रनिया थाना के उड़िकेल खिजूरटोली टोंगरी से पीएलएफआई के एरिया कमांडर रोहित टोपनो उर्फ राटा को गिरफ्तार करने और भारी मात्रा में हथियार बरामद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तोरपा के पुलिस इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह, रनिया के थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार और रनिया के सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार को दक्षिणी छोटानागपुर रेंज के डीआईजी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। जिले के एसपी अमन कुमार ने गुरुवार को तीनों पुलिस अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इसके अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खूंटी आगमन के दौरान विधि और सुरक्षा व्यवस्था संधारण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक रमेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यलय जयदीप लकड़ा, एसडीपीओ अमित कुमार, खूंटी के पुलिस इंस्पेक्टर शाहिद रजा, पुलिस केंद्र के प्रचारी प्रवर रौशन मरांडी, प्रचारी उत्तम कुमार महथा, गोपनीय प्रवाचक एएसआई प्रियदर्शी को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी द्वारा प्रदश निर्देश के बेहतर अनुपालन के लिए जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक निशांत रौशन, सड़क अभियंत्रिकी विश्लेषक संदीप हेमरोम को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गुड सेमेरिटन पॉलिसी के तहत चिह्नित नामित नाग को गुड सेमेरिटर का सम्मान दिया गया। नामित ने 15 जनवरी को तोरपा थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाया था, जिससे उसकी जान बच गई। गुड सेमेरिटन पॉलिसी के तहत नामित नाग को सम्मानित किया गया।

### तेज रफ्तार कार ने तीन युवकों को रौंदा, गंभीर

**GODDA :** जिला मुख्यालय से पोड़ैयाहाट जाने वाले मुख्य मार्ग एनएच-133 पर सूरज मंडल इंटर महाविद्यालय के समीप गुरुवार की शाम तीन किशोर को कार ने रौंद दिया। इसमें दो की स्थिति गंभीर है। बताया जाता है कि आकाश कुमार, युगल किशोर साह एवं उज्जवल कुमार प्रत्येक दिन की तरह अपने घर से सूरज मंडल इंटर महाविद्यालय प्रांगण में क्रिकेट खेलने जा रहा थे। इसी क्रम में पीछे से एक कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया। परिजनों को इस बात की जानकारी दी गई जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। बताया जाता है कि कार चालक नशे में धुत थे। पूरे मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Friday, 09 June 2023

# मुसाबनी में बिना बुखार हो रहा MALARIA

## स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट में खुलासा, रांची से आई टीम जता चुकी है चिंता

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिला बीमारियों के लिए काफी संवेदनशील माना जाता है। यहां हर साल कोई न कोई बीमारी कहर बरपाता रहा है। अब यहां बिना बुखार के मलेरिया मरीज मिलने से हड़कंप मचा है। इसकी जांच-पड़ताल के लिए रांची से स्टेट प्रोग्राम आफिसर के नेतृत्व में आई एक टीम ने भी चिंता जाहिर कर चुकी है। दरअसल, पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी प्रखंड के सूयाबेंड़ा गांव में मलेरिया आउटब्रेक हो चुका है। इसे लेकर गांव में विशेष शिविर आयोजित कर मरीजों की जांच-पड़ताल की गई थी जिसकी रिपोर्ट चौंकाने वाली आई है। गांव में कुल 68 लोगों का नमूना जांच के लिए लिया गया था। इसमें 17 ब्रेन मलेरिया, दो सामान्य मलेरिया व एक मिक्स मलेरिया के रोगी मिले हैं। इसमें सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सात वैसे मरीज मिले हैं जिनके शरीर में मलेरिया से संबंधित कोई भी लक्षण नहीं हैं। वे बिल्कुल स्वस्थ हैं, लेकिन उनकी रिपोर्ट में मलेरिया की पुष्टि हुई है। टीम के सदस्यों का कहना है कि बिना लक्षण वाले मलेरिया स्वास्थ्य विभाग के लिए एक नया चुनौती बन सकता है। टीम के अनुसार, ग्रामीणों के शरीर में इम्युनिटी पावर और बाडी रेजिस्टेंस काफी अच्छा होने की वजह से उनमें मलेरिया के लक्षण दिखाई नहीं दे रहे हैं, लेकिन उनके शरीर में लंबे समय तक पैरासाइट रहता है।



पूर्वी सिंहभूम के मुसाबनी में जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम • फोटोन न्यूज

**बिना लक्षण वाले मरीजों का इलाज जरूरी :** मलेरिया मरीजों में किसी तरह का लक्षण नहीं होना खतरनाक है। एक तो वे साइलेंट किलर की तरह लोगों के बीच मलेरिया फैलाने का काम कर सकते हैं। वहीं, दूसरा उनके लिए भी उतना ही खतरनाक है। जब उनकी तबीयत खराब होगी या फिर शरीर का इम्यूनिटी पावर कम होगा तो उनके शरीर के महत्वपूर्ण अंग जैसे ब्रेन व लिवर फेलियर भी हो सकता है। चूंकि उनके शरीर में पूर्व से ही पैरासाइट मौजूद रहता है। ऐसे मरीजों का पूर्ण इलाज जरूरी है।

> बिना लक्षण वाले मरीजों की पहचान कर उनका इलाज जरूरी है। अन्यथा उनको काटने वाले मच्छरों से दूसरे लोगों में भी मलेरिया होने का खतरा रहता है।
>
> **- डा. आरएल अग्रवाल, पूर्व प्रोफेसर, एमजीएम।**

> मलेरिया के रोकथाम को लेकर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों को भी जागरूक होने की जरूरत है। कहीं पर मरीज मिले तो इसकी जानकारी तुरंत स्वास्थ्य विभाग को दें।
>
> **- डा. जुझार माझी, सिविल सर्जन।**

## BRIEF NEWS

### वर्कर्स कॉलेज में समर कैंप का हुआ समापन




**Jamshedpur :** वर्कर्स कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय समर कैम्प 2023 के अंतिम दिन गुरूवार को तीन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके पहले सत्र में श्रीनाथ विश्वविद्यालय के प्रो. भवेश कुमार ने 'मोटिवेशन एंड स्किल' के अंतर्गत प्रतिभागियों को मोटीवेट करते हुए उन्हें जीवन के प्रत्येक क्षण का सदुपयोग करने की सीख दी। उन्होनें महापुरुषों के जीवनवृत्तों को साझा करते हुए सभी प्रतिभागियों को अपनी योग्यता में निरंतर वृध्दि करने की चेष्टा करते रहने की बात कही । दूसरे सत्र में महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की प्रो. संगीता कुमारी ने स्ट्रेस मैनेजमेंट के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी जीवन में अपना लक्ष्य अवश्य बनाये, अपना व्यक्तित्व बनाये और अपनी स्वतंत्र पहचान बनाये। मर कैम्प के तीसरे सत्र में समर कैम्प का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य , गीत, संगीत इत्यादि प्रस्तुत किया और समर कैम्प के बारे में अपने अनुभव व्यक्त किये। समापन समारोह में महाविद्यालय के प्रोफेसर इन चार्ज प्रो. सुभाषचंद्र दास ने अपने संबोधन में समर कैम्प के प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। समर कैम्प प्रभारी ने प्रो. हरेन्द्र पंडित सभी का धन्यवाद दिया और सात दिवसीय समर कैम्प के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन सेमेस्टर तीन की छात्रा विनीता कुमारी ने किया। इस अवसर पर छात्र प्रतिनिधि हेमंत पाठक ने भी समर कैम्प के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। मापन समारोह में प्रो इंचार्ज सुभाषचंद्र दास के साथ, डॉ. अनिलचंद्र पाठक,डॉ. अर्चना गुप्ता, प्रो. कंचन गिरि, प्रो. नूतन कुमारी, प्रो. शाहिना नाज, प्रो. सुदेष्णा बनर्जी, डॉ. मोनीदीपा दास, डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. संगीता कुमारी, प्रो. हरेन्द्र पंडित, डॉ. वाजदा तबस्सुम, प्रो. मल्लिका हिजाब, डॉ. मीतू आहूजा, डॉ. संजू, प्रो. श्वेता कुमारी, तथा अन्य शिक्षकों के साथ बड़ी संख्या में स्नातक व स्नातकोत्तर के विद्यार्थी उपस्थित थे।

• युवाओं को अपनी योग्यता में निरंतर वृद्धि करने का प्रयत्न करना चाहिए : प्रो भवेश कुमार

# बाइक चालक को आया चक्कर, ट्रक से हुई टक्कर

## सुंदरनगर चौराहे के समीप दुर्घटना, एक घायल

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जमशेदपुर के सुंदरनगर चौक पर गुरुवार दोपहर एक बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा टकराई. इस घटना में बाइक चालक परसुडीह मेन रोड निवासी अविनाश दुबे घायल हो गया. घटना के बाद आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से अविनाश को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है. अविनाश ने हेलमेट पहन रखा था जिससे उसे हल्की चोटें आई है. घटना के संबंध में अविनाश ने बताया कि वह एमबीए की तैयारी कर रहा है. वह हर दिन सुंदरनगर फ्लोर मील के पास ट्यूशन पढ़ाने के लिए जाता है. आज भी वह ट्यूशन पढ़ाने के लिए गया था. वापसी के क्रम में सुंदरनगर चौक के पास उसे अचानक चक्कर आ गया इससे वह सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा टकराया. फिलहाल सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है.



घायल बाइक चालक • फोटोन न्यूज

# अपराध नियंत्रण को एसएसपी ने की पुलिस के आला अधिकारियों व थानेदारों के साथ बैठक

## कहा अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने में न किया जाए विलंब

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** शहर में बढ़ते आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने को लेकर गुरुवार को एसएसपी प्रभात कुमार ने पुलिस ऑफिस सभागार में समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सिटी एसपी के विजय शंकर, सभी डीएसपी और शहर के सभी थानेदार शामिल हुए। मौके पर एसएसपी प्रभात कुमार ने थानेदारों से कहा कि अपराध नियंत्रण हमारा लक्ष्य है।

ऐसे में अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाया जाए और किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने में विलंब ना किया जाए। उन्होंने कहा की समय पर ही कुर्की जब्ती की कार्रवाई होनी चाहिये। वारंटियों को भी समय पर गिरफ्तार करके जेल भेजने के लक्ष्य के साथ काम किया जाए। इस दौरान उन्होंने उन्होंने लंबित पड़े सभी मामलों का समय ही निष्पादन करने का दिशा- निर्देश दिया। उन्होंने सभी थानेदारों से कहा कि वे अपनी जवाबदेही को समझने का काम करें। और लोगों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहें।



बैठक करते एसएसपी व पुलिस पदाधिकारी • फोटोन न्यूज

**अपने जिम्मेदारियों के प्रति सभी सतर्क रहेंगे तभी अपराध नियंत्रित होगा:** एसएसपी ने क्राइम मीटिंग में कहां की तत्परता से काम आसान हो जाता है ऐसे में सभी थानेदार अपने थाना क्षेत्र में सतर्क रहें। इस बीच अगर किसी तरह की घटनायें घटती है तो उसका समाधान त्वरित करने के लिये कहा। बड़ी घटना घटने पर पड़ोस के थानेदारों को भी सहयोग करने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि हम एक टीम है और हमेशा हमेशा साथ मिलकर काम करना है तभी अपराध नियंत्रित हो सकता है।

उन्होंने हर हाल में थाना क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि थाना क्षेत्र के अपराधियों पर नकेल कसें जहां जरूरत होगी वहां पर सिटी एसपी, एएसपी और डीएसपी भी सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से किसी भी प्रकार का सहयोग लेने से हिचकने की जरूरत नहीं है।

# जूनियर शिक्षकों को वरीयता सूची में दिखाया ऊपर, शिक्षक संघ ने दर्ज करायी आपत्ति

• संघ ने कहा 2016 में नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को वरीयता में 1994 में नियुक्त शिक्षकों से ऊपर रखना गलत

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को प्रोन्नति देने की प्रक्रिया जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय की ओर से शुरू की गई है। इसके लिए जिले में कार्यरत सभी शिक्षकों का औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची का प्रकाशन किया गया है। लेकिन अब इस सूची को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं और इसमें अलग-अलग प्रकार की स्थानीय निकाली जा रही हैं।

झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का कहना है कि राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 1993,विभागीय संकल्प संख्या 3027 दिनांक 14/12 /2015, संकल्प संख्या 1145 दिनांक 18/07/2019, संकल्प संख्या 619 (विधि) दिनांक 26/08/2019 तथा संकल्प संख्या 936 (विधि) दिनांक 14/11/2022 के प्रावधान के अनुरूप सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग रांची द्वारा औपबंधिक वरीयता सूची का प्रकाशन जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा करने का आदेश दिया गया है।

उपरोक्त संकल्प संख्या 619 (विधि) दिनांक 26/08/2021 के कंडिका 3 के उप कंडिका 3 में ग्रेड 3, 4 एवं 7 में नियत तिथि से वैचारिक प्रोन्नति प्रदान करने की बात कही गई है। संकल्प संख्या 1145 दिनांक 18/07/ 2019 की कंडिका 7(ख)3 में भी वैचारिक प्रोन्नति का उल्लेख है। विभागीय पत्रांक 936 (विधि) दिनांक 14/11/2022 में दिए गए आदेश के क्रमांक 2 पर भी वैचारिक प्रोन्नति का उल्लेख है ! वर्ष 1993 नियमावली के अनुसार प्रत्येक वर्ष वरीयता सूची का प्रकाशन कर, पद उपलब्धता की तिथि से अहर्ता रखने वाले शिक्षकों को ग्रेड 4 में एवं अन्य ग्रेडों में प्रोन्नति देना था। ससमय प्रोन्नति नहीं मिलने से शिक्षक आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक रूप से भी प्रताड़ित हो रहे हैं। जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय द्वारा दिनांक 30 मई 2023 को प्रकाशित औपबंधिक वरीयता सूची में घोर आपत्तियां हैं जिसे दूर किया जाना चाहिए। अतः वर्णित परिपेक्ष्य में झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का जिला शिक्षा अधीक्षक महोदया से अनुरोध है कि उपयुक्त आपत्तियों का निराकरण यथाशीघ्र करने की कृपा करें अन्यथा बाध्य होकर संघ माननीय उच्च न्यायालय जाने को बाध्य होगा।

### इन आपत्तियों को उठाया

1) औपबंधिक वरीयता सूची के प्रकाशन पूर्व योग्य शिक्षकों को वैचारिक रूप से प्रोन्नति दी जानी चाहिए थी।
2) वर्ष 2016 में नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को औपबंधिक वरीयता सूची में वर्ष 1994 में नियुक्त एवं वर्ष 2017 में ग्रेड 4 प्राप्त शिक्षकों से ऊपर दशार्या गया है जो वरीय शिक्षकों के साथ घोर अन्याय है विभागीय आदेश के बावजूद वैचारिक रूप से प्रोन्नति ना देकर कनीय शिक्षकों को वरीयता सूची में ऊपर रखना नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध है
3) वर्ष 2016 में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति अधिसूचना संख्या 1632 दिनांक 05 /09/ 2012 के आलोक में हुई यह एक नियुक्ति नियमावली है अतः वर्ष 2016 में नियुक्त शिक्षकों पर प्रोन्नति नियमावली 1993 लागू नहीं होगो वर्ष 2016 में नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के लिए प्रोन्नति नियमावली अब तक बनी ही नहीं है इस निमित्त कहना चाहेंगे कि जारी वरीयता सूची में वर्ष 2016 में नियुक्त प्रशिक्षित शिक्षकों का नाम दर्ज करना नैसर्गिक न्याय के प्रतिकूल है।
4) औपबंधिक वरीयता सूची के क्रमांक 197 पर ग्रेड 4 में योगदान की तिथि 27/01/ 2017 दशार्या गया है जबकि ग्रेड 4 में प्रोन्नति का पत्र 28/01/ 2017 को निर्गत हुआ है
5) औपबंधिक वरीयता सूची में क्रमांक 198 से 229 तक में ग्रेड 4 में योगदान की तिथि 28/01/ 2017 दर्ज है जबकि 28/01/ 2017 को पत्र निर्गत हुआ है
6) औपबंधिक वरीयता सूची में क्रमांक 231 एवं 232 पर अंकित शिक्षकों की नियुक्ति उर्दू शिक्षक के रूप में हुई है जिन्हें सामान्य मेधा क्रमांक के आधार वरीयता सूची में अंकित किया गया है है जो उचित नहीं है।
7) औपबंधिक वरीयता सूची में क्रमांक 217 तथा 218 तथा क्रमांक 155 एवं156 एवं कई ऐसे अन्य जगहों पर एक ही शिक्षक की दोहरी प्रविष्टि की गई है।
8) अंतर जिला से स्थानांतरित होकर इस जिले में आए शिक्षकों को भी वरीयता सूची में उपर रखा गया है।

# उत्कृष्ट विद्यालय के लिए हुई प्रवेश परीक्षा की मेधा सूची तैयार

## डीसी के अनुमोदन के बाद कल जारी होगी सूची

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए आयोजित हुए प्रवेश परीक्षा का परिणाम एक दो दिन में जारी कर दिया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया गया है और इसके आधार पर कटऑफ तय करते हुए सूची डीसी कार्यालय को भेजा गया है। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद चयनित बच्चों की सूची जिला प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। इसके साथ ही स्कूलों को भी भेज दिया जाएगा। जिसके आधार पर नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। ऐसे में अभिभावकों को जिला प्रशासन की वेबसाइट देखते रहने को कहा गया है। जिले में तीन विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय घोषित करते हुए सीबीएसई स्कूल में बदला गया है। इसमें बीपीएम प्लस टू उवि बमार्माइंस, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय सुंदरनगर व जमशेदपुर बालिका प्लस टू उवि साकची शामिल है। इन विद्यालयों में नामांकन लिए आयोजित हुए प्रवेश परीक्षा 1638 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे। ऐसे में अब विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को रिजल्ट का इंतजार है। चयनित तीनों स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई होगी।

• छात्र व अभिभावक जिला प्रशासन की वेबसाइट पर चयनित परीक्षार्थियों की सूची देख सकेंगे

**कुल 565 सीटों पर होना है दाखिला:** तीनों उत्कृष्ट विद्यालयों में कुल 565 सीट निर्धारित है। इसमें जमशेदपुर बालिका प्लस टू उवि साकची में 240, बीपीएम प्लस टू उवि बमार्माइंस में 300 व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुंदरनगर 25 सीट है। जहां बीपीएम प्लस टू स्कूल में लड़के व लड़की दोनों का एडमिशन होना जबकि शेष दो स्कूलों में सिर्फ लड़कियों का दाखिला होगा।

# बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र हुए सम्मानित

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित वर्ग दशम,नवम एवम अष्टम की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पीपुल्स अकादमी मॉडल विद्यालय में सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में रामकृष्ण मिशन जमशेदपुर के नत महाराज जी रामकृष्ण उपस्थित थे। द्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उन्हें सर्वोत्कृष्ट चरित्र के रूप में स्वयं को विकसित कर राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरित किया तथा इस कार्य के लिए मिशन के संकल्प को दुहराया। विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि एसपी सिंह ने विद्यार्थियों के प्रयासों का सम्मान करते हुए उन्हें उत्तरोत्तर विकास करने की शुभकामना दी। समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विद्यासागर महतो एवं शिबाशीष चक्रवर्ती ने भी विद्यार्थियों को आशीष दिए। पूरा कार्यक्रम स्कूल के प्रिंसिपल चंद्रदीप पांडे की देख रेख में संपन्न हुआ।




### श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के नाम

**वर्ग दशम**

1. मरियम सागर कुजूर प्रथम 84.4%
2. जयंती पिंगवा द्वितीय 84.2%
3. वर्षा गोप तृतीय 81.2%
4. श्रुति एकता कुजूर चतुर्थ 80.2%

**वर्ग नवम**

1. सोनाली कर्मकार प्रथम
2. अपर्णा पोद्दार द्वितीय
3. पंकज कुमार,विशाल मुंडा,सपन महतो तृतीय

**वर्ग अष्टम**

1. आशुतोष कुमार प्रथम
2. राधिका कुमारी .द्वितीय
3. धनेश्वर पारेया, मुन्नी माझी, सोनू टुडू तृतीय।

## करोड़ों रुपये होंगे खर्च, ढाई लाख लोगों को मिलेगा सीधा लाभ, अब मानगो में नहीं दिखेंगी झोपड़ियां, तेजी से चल रहा कार्य

# JAMSHEDPUR की सुंदरता बढ़ाएगा मानगो, ओपन जिम, पार्क, अस्पताल से लेकर फ्लाइओवर का हो रहा निर्माण

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जमशेदपुर के गैर कंपनी इलाका मानगो का कायाकल्प होने वाला है। इस क्षेत्र के लोगों को एक साथ कई बड़े तोहफा मिलने जा रहा है। अब तक यह क्षेत्र विकास से कोसों दूर था लेकिन अब यह मानगो आपको पहचान में नहीं आएगा। जी हां। आपने सही सुना। पहले आप रांची, कोलकाता, धनबाद या फिर बोकारो से आते थे तो मानगो में अतिक्रमण किया हुआ झोपड़ी दिखता था लेकिन अब उन जगहों पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इतना ही नहीं, उन पार्कों में ओपन जिम की भी सुविधा है। ताकि मानगो के लगभग ढ़ाई लाख लोगों का इसका सीधा लाभ मिले। इस कार्य को पूरा करने में जुस्को की टीम दिन-रात मेहनत कर रही है। वहीं, इस कार्य को आगे बढ़ाने में मानगो नगर निगम की भी अहम भूमिका है। चूंकि, अतिक्रमण वाले जगह को कई बार हटाने का प्रयास किया गया लेकिन वह सफल नहीं हो सका लेकिन इस बार अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ उन जगहों पर पार्क का निर्माण शुरू कर दिया गया है। इतना ही नहीं, मानगो में एक फ्लाईओवर का भी निर्माण होना है। इसका टेंडर निकल चुका है। उम्मीद है कि इसके बनने से मानगो में जाम की समस्या दूर हो जाएगी। वहीं, यह शहर का पहला फ्लाईओवर होगा। इसके साथ ही मानगो डिमना चौक में एक अत्याधुनिक अस्पताल का भी निर्माण हो रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से बन रहे अस्पताल का निर्माण केंद्र व राज्य सरकार मिलकर करा रही है। इसका ऑनलाइन शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। तब से तेज गति से इसका निर्माण कार्य चल रहा है। यहां पर सभी तरह के गंभीर बीमारियों का इलाज संभव होगा। 500 बेड के इस अत्याधुनिक अस्पताल में न सिर्फ मानगो बल्कि आस-पास के क्षेत्र के लोगों को भी लाभ मिलेगा। यहां पर किडनी से लेकर कैंसर, हार्ट, न्यूरो सहित अन्य गंभीर बीमारियों का इलाज होगा। यहां कैथ लैब का भी निर्माण चल रहा है। ऐसे में आप अंदाजा लगा सकते हैं कि आने वाले दो वर्ष में पूरा मानगो का कायाकल्प होने वाला है।



> मानगो क्षेत्र को तेजी से विकसित करने का कार्य चल रहा है। यहां के लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने की कोशिश है। मानगो डिमना रोड के बीचों बीच डीवाइडर पर बने पार्क व जिम टाटा कंपनी के जुस्को द्वारा अधिकृत है
>
> **–सुरेश यादव, विशेष पदाधिकारी**

**डिमना मानगो में ओपन जिम की सुविधा को लोग उठा रहे स्वास्थ लाभ :** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड द्वारा डिमना मानगो रोड के बीच चौडी डीवाइडर के भीतर लोगों के स्वास्थ्य लाभ के लिए ओपन जिम की सुविधा प्रदान की गई है जो मानगो वासियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए बड़ा उपहार है इसके साथ ही लोगों के वॉक, योगा व शरीरिक अभ्यास के लिए पार्क की सुविधा दी गई है पार्क में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्यवर्धक प्लांट भी लगाया गया है पार्क को सफाई कर्मचारियों द्वारा नियमित सफाई व सुरक्षा के लिए कर्मी लगाए गए है ओपन जिम में हर आयु वर्ग के लोग लाभ उठा रहे है सुबह 6 बजे 9 बजे और शाम 5 से 8 बजे तक लोगों के पार्क व जिम के अंदर प्रवेश करने की इजाजत है ओपन जिम पार्क में एरियल स्टोलर, एब्स बोर्ड डबल, शोल्डर ट्वर्ल डबल, सर्फ बोर्ड, शोल्डर एक्सरसाइजर, डबल पैरेलल बार, ओवेट स्टेपर, लेग स्ट्रेच, एयरो राइडर, लेग एक्सटेंशन, आईपीटी अपग चेस्ट प्रेस डबल, फोरआर्म जैसे उपकरण है लोग इसका पूरा लाभ उठा रहे हैं।

# उदास है बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू




झारखंड में हर साल 09 जून को आस्था के साथ आदिवासियों के भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई जाती है। उनके त्याग और बलिदान को याद किया जाता है। खूब भाषण दिए जाते हैं। बिरसा मुंडा के परपोते सुखराम मुंडा इससे बहुत आहत हैं। वो कहते हैं जन्मस्थली उलिहातू आज भी उपेक्षित है। यही नहीं जनजातीय समाज की उपेक्षा की जा रही है। अब तक किसी भी सरकार ने उलिहातू के विकास के लिए कुछ नहीं किया। राज्यपाल से लेकर मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री तक उलिहातू आए और आश्वासन देकर चले गए। मगर कुछ नहीं हुआ। उलिहातू में न अस्पताल है और न ही पीने के पानी की व्यवस्था। सुखराम कहते हैं कि अब देखना है कि शहीद ग्राम विकास योजना के तहत उलिहातू का कितना विकास होता है। इस महानायक का कहानी रोंगटे खड़ी कर देती है। बिरसा मुंडा ने महज 22 वर्ष की उम्र में अपनी वीरता और संगठन शक्ति के बल पर अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिये थे। बिरसा मुंडा ने न सिर्फ अंग्रेज शासकों के अत्याचार के खिलाफ संघर्ष किया बल्कि ईसाई मिशनरियों के धर्मांतरण और जनजातीय समुदाय के खिलाफ भरे जा रहे नकारात्मक प्रभाव का भी विरोध किया। उन्होंने स्थानीय जमींदारों द्वारा आदिवासियों पर किये जा रहे अत्याचार के विरोध में भी बिगुल फूंका। वो जनजातीय समुदाय में पशु हिंसा (बलि) के प्रबल विरोधी थे। उन्होंने एक नये धर्म की शुरूआत की, जिसके आज भी हजारों अनुयायी हैं। इन लोगों को बिरसायत कहा जाता है। बिरसा मुंडा का एक ही नारा था अबुआः राज एते जाना, महारानी राज टुंडू जाना यानी महारानी का राज खत्म हो और हमारा राज स्थापित हो। बिरसा मुंडा देश के इकलौते ऐसे स्वतंत्रता सेनानी हैं, जिन्हें लोग धरती आबा यानी धरती का पिता कहते हैं। उन्होंने सामंती व्यवस्था को समाप्त करने के लिए भी हथियार उठाये। जनजातीय समुदाय की जमीन की रक्षा के लिए आज का छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट (सीएनटी एक्ट) भगवान बिरसा मुंडा की देन है। उनकी शहादत के लगभग एक दशक के बाद 1908 में अंग्रेजों ने छोटानागपुर काश्तारी अधिनियम (सीएनटी) कानून को लागू किया था। भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर, 1875 को खूंटी जिले के अड़की प्रखंड के उलिहातू गांव में हुआ था। हालांकि, उनके जन्मस्थान को लेकर इतिहासकारों में अब भी मतभेद हैं। रांची के पूर्व उपायुक्त और जाने-माने इतिहासकार डॉ. कुमार सुरेश सिंह, जिन्हें बिरसा मुंडा की वीरता और उनके योगदान को दुनिया के सामने लाने का श्रेय जाता है, का मानना है कि बिरसा मुंडा का जन्म उलिहातू में हुआ था। कुछ इतिहासकार उनका जन्मस्थान चलकद को मानते हैं। सरकार और प्रशासन ने भी उलिहातू को ही भगवान की जन्मस्थली माना है। बिरसा मुंडा का बचपन आम आदिवासी बच्चे की तरह गांव की धूल-मिट्टी में खेलते हुए अपने माता-पिता के साथ गुजरा। उनके पिता का नाम सुगना मुंडा और माता का नाम करमी था। सुगना मुंडा का परिवार बेहद ही गरीब था। एक बेहद मजबूत और सुंदर लड़के के रूप में बड़े होने के बाद उन्होंने जंगलों में भेड़ चराना शुरू किया। उनके जीवन का एक बड़ा हिस्सा गांव के अखाड़ा में बीता। गरीबी से तंग आकर बिरसा मुंडा अपने मामा के घर आयुबहातू चले गए। वहां वे दो साल रहे। उसी दौरान उन्होंने जयपाल नाग द्वारा सलगा गांव में संचालित स्कूल में अपनी प्रारंभिक पढ़ाई शुरू की। बिरसा मुंडा काफी कुशाग्र बुद्धि के थे। इसलिए जयपाल नाग ने जर्मन मिशन के स्कूल में दाखिला लेने की सलाह दी। वहां नामांकन करने के बाद बिरसा मुंडा का ईसाई मिशनरियों ने धर्म परिवर्तन करा दिया और उनका नाम बिरसा डेविड या बिरसा दाउद रख दिया। इस बीच अंग्रेजों और ईसाई मिशनरियों द्वारा भारतीयों के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार से बिरसा का मोहभंग हो गया और उन्होंने स्कूल का त्याग कर ईसाई का चोला भी उतार दिया। आदिवासियों को ईसाई धर्म में परिवर्तित करने के अंग्रेजों क इरादों को भांपकर उन्होंने एक नये धर्म की स्थापना की, जो आज भी बिरसाइत के नाम से मुंडा और उरांव जनजाति में प्रचलित है। उन्होंने अंग्रेजों के जुल्म और धर्मांतरण के विरोध में गौरबेड़ा और भंडरा के चर्च में आग लदा दी थी। अंग्रेजी शासकों और उनके समर्थक जमींदारों के शोषण के के खिलाफ उन्होंने सशस्त्र आंदोलन की शुरूआत की। उनके सेनापति थे अमर शहीद गया मुंडा। सन 1900 में बिरसा मुंडा डोम्बारी बुरू (डोंबारी बुरू) में अपने समर्थकों के साथ बैठक कर रहे थे। इसकी भनक हुकूमत को लग गई और और सैनिकों ने उस पहाड़ी को चारों ओर से घेर लिया और अंधाधुंध गोलियों की बौछार कर दी, जिसमें सैकड़ों निर्दोष ग्रामीण मारे गये। उसी के दौरान बिरसा मुंडा पकड़े गये और उन्हें रांची की जेल जिसे आज बिरसा मुंडा कारागार कहा जाता है, में रखा गया और 09 जून, 1900 को जेल में ही रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई। कहा जाता है अंग्रेजों ने उन्हें धीमा जहर दिया था।

# कैसे रुके रेल हादसे और पुलों के टूटने के मामले

ANALYSIS



आर.के. सिन्हा

देखिए, यह तो कोई भी मानेगा कि दुनिया भर में हर क्षण कहीं न कहीं कोई न कोई हादसा हो ही रहा है। तेज रफ्तार की जिंदगी में यह अनहोनी भले हो मगर हो रही है, तो हो रही है। असल में 'जीरो एक्सीडेंट' एक आदर्श है एक गोल है। लेकिन, इसे हासिल करना तो असंभव है। जरूरत इस बात की है कि हादसों को न्यूनतम किया जाए। इसके अलावा कितनी जल्दी से जल्दी हादसे के शिकार लोगों तक उचित मदद पहुंचाई जाए। रेल दुर्घटनाओं में प्राय: देखा गया है कि घटनास्थल पर सरकारी मदद, डॉक्टर नर्स, एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन, हेलीकाप्टर, नेताओं से पहले वहां पर तमाशबीन खड़े हो जाते हैं। ये बचाव कार्यों को बाधित भी करते हैं। हां, इन्हीं में से समझदार लोग आनन–फानन में कुछ घायलों की मदद को भी आते हैं। दिल से मदद करते भी हैं। अपना जी–जान लगा देते हैं। जबकि तमाशबीन सिर्फ वहां पर मदद करने वालों के काम में व्यवधान डाल रहे होते हैं और अपने मोबाइल से वीडियो बना रहे होते हैं।

पहले ओडिशा में हुई दर्दनाक रेल दुर्घटना और उसके बाद बिहार में एक पुल का टूटना। इन दोनों घटनाओं के कारण सारा देश उदास भी है और गुस्से में भी है। उदासी मासूमों के मारे जाने पर है और गुस्सा इसलिए है कि ये हादसे थम ही नहीं रहे। पिछली 2 जून को ओडिशा में 3 ट्रेनें आपस में भिड़ गईं। इनमें लगभग तीन सौ मासूम यात्री मारे गए और ना जाने कितने हजार घायल हो गए। यह दुर्घटना भारत में अब तक की सबसे घातक रेल दुर्घटनाओं में से एक है। ऐसा माना जाता था कि पहली ट्रेन पटरी से उतर गई थी और इसके कुछ डिब्बे पलट गए और विपरीत ट्रैक में गिर गए थे, जहां वे दूसरी ट्रेन से टकरा गए थे। हादसे में एक मालगाड़ी भी चपेट में आ गई। देखिए, यह तो कोई भी मानेगा कि दुनिया भर में हर क्षण कहीं न कहीं कोई न कोई हादसा हो ही रहा है। तेज रफ्तार की जिंदगी में यह अनहोनी भले हो मगर हो रही है, तो हो रही है। असल में 'जीरो एक्सीडेंट' एक आदर्श है एक गोल है। लेकिन, इसे हासिल करना तो असंभव है। जरूरत इस बात की है कि हादसों को न्यूनतम किया जाए। इसके अलावा कितनी जल्दी से जल्दी हादसे के शिकार लोगों तक उचित मदद पहुंचाई जाए। रेल दुर्घटनाओं में प्रायः देखा गया है कि घटनास्थल पर सरकारी मदद, डॉक्टर नर्स, एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन, हेलीकाप्टर, नेताओं से पहले वहां पर तमाशबीन खड़े हो जाते हैं। ये बचाव कार्यों को बाधित भी करते हैं। हां, इन्हीं में से समझदार लोग आनन-फानन में कुछ घायलों की मदद को भी आते हैं। दिल से मदद करते भी हैं। अपना जी-जान लगा देते हैं। जबकि तमाशबीन सिर्फ वहां पर मदद करने वालों के काम में व्यवधान डाल रहे होते हैं



और अपने मोबाइल से वीडियो बना रहे होते हैं । इस बीच, एक बात यह भी जान लें कि जीरो एक्सीडेंट की स्थिति तक पहुंचना मुश्किल तो है पर नामुमकिन नहीं है। रेल हादसे कहां नहीं होते। दुनिया के हरेक देश में रेल हादसे होते हैं। पर इन्हें रोका जाना चाहिए। इस लिहाज से कोशिशें भी होती हैं। पर सफलता तो नहीं मिलती। चीन में जुलाई 2011 में हुई रेल दुर्घटना की बात करेंगे। दरअसल, चीन के शहर वेनजुओ में दो हाई-स्पीड ट्रेनों के आमने-सामने से टकराने पर 40 यात्रियों की मौत हो गई थी। इस रेल दुर्घटना में 172 लोग जख्मी भी हुए थे। हादसे के तुरंत बाद चीन के रेल मंत्री को पद से हटा दिया गया। नए रेल मंत्री ने मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य संभाला। इसके बाद दुर्घटना की जांच की गई। रेल हादसे की जांच में पाया गया कि दुर्घटना रेलवे सिग्नल सिस्टम में खामी की वजह से हुआ। आगे की जांच में पाया गया कि सिग्नल सिस्टम का कॉन्ट्रैक्ट देने के लिए रेल मंत्री और अधिकारियों ने भ्रष्टाचार किया था। इसके लिए ट्रेन और यात्रियों की सुरक्षा से समझौता तक किया गया। इसी कारण यह हादसा हुआ और यात्रियों को अपनी जान गंवानी पड़ी। बहरहाल, ओडिशा रेल हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए सीबीआई जांच शुरू हो गई है। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को भी उम्र कैद या मौत की सजा मिलनी चाहिए। जांच पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। इस लिहाज से किसी भी तरह की किसी को रियायत नहीं मिलनी चाहिए। अब बिहार में भागलपुर जिले में हुए हादसे का रुख कर लेते हैं। सबको पता है कि गंगा नदी के ऊपर बन रहा एक बड़ा पुल गिर गया। इसका एक स्लैब भी एक साल पहले ही टूट कर गिर गया था। उसी समय सख्त कारवाई होनी चाहिये थी, जो किसी कारण से नहीं की गईं क खगड़िया के अगुवानी-सुल्तानगंज के बीच गंगा नदी पर इस पुल का निर्माण हो रहा है। लेकिन पुल निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। इसी का नतीजा है कि यह पुल गंगा नदी में गिर गया। पुल के तीन पिलर भी नदी में समा गए। अब इस केस की भी जांच होगी। यह दूसरी बार है जब पुल गिरा है। बस इतनी सी गनीमत रही कि जिस वक्त हादसा हुआ, उस वक्त काम बंद हो चुका था। इस वजह से पुल पर कोई मजदूर नहीं था। जैसे ही पुल ताश के पत्तों की तरह गंगा में गिरा, नदी में कई फीट ऊंची लहरें उठीं। इधर भी उसी नियम के तहत दोषियों पर कार्रवाई हो जैसी रेल हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों पर होगी। देखिए अब देश को करप्शन के मसले पर किसी भी तरह का समझौता नहीं करना चाहिए। करप्शन और काहिली देश को दीमक की तरह से खाए जा रही है। जो भी करप्शन करता पकड़ा जाए या अपने काम में काहिली करे उसे तो सीधे टांग देना चाहिए। आखिर कब तक देश भ्रष्ट और निकम्मे लोगों को लेकर मानवीय रवैया अपनाता रहेगा। यह नहीं चल सकता। इसका अंत तो होना ही चाहिए। करप्शन के सवाल पर देश को जीरो टोलरेंस की नीति पर चलना ही होगा। दूसरा विकल्प हमारे पास नहीं हैं। पिछले साल गुजरात के मोरबी जिले में पुल टूटा था। हादसे के वक्त पुल पर 300 से अधिक लोग मौजूद थे। 233 मीटर लंबा यह पुल करीब सौ वर्ष पुराना था। हादसे में बहुत से लोगों की जान चली गई थी। जिनमें अधिकांश महिलाएं एवं बच्चे थे। यह जान लें कि जब तक देश करप्शन के मामलों पर सख्ती नहीं दिखाएगा तब तक इस तरह के जानलेवा हादसे होते ही रहेंगे। अगर बात इन मामलों से हटकर करें तो करप्शन के कारण हमारे सरकारी बैंकों का हजारों करोड़ रुपये का लोन फंस गया। केन्द्र में मोदी सरकार के सत्तासीन होने के बाद बैंकिंग क्षेत्रों में लंबे समय से व्याप्त अराजकता और अव्यवस्था को रोकने की जब सार्थक पहल हुई तो एक के बाद घोटालों का पदार्फाश भी तेजी से होने लगा। बैंकिंग सिस्टम तो साख पर ही चलता है' साख ही नहीं रहेगी तो फिर बचेगा गया ? दरअसल बैंकों में उल्टे-सीधे लोन दिलवाने का काला धंधा चलता रहा है। लोन दिलवाने के नाम पर कुछ बैंक कर्मी भी फंसे । चूंकि, पहले कोई इस तरह की जवाबदेही नहीं होती थी, इसीलिए चौतरफा लूट जारी थी। यह स्वीकार करना होगा कि रेल हादसों से लेकर पुल टूटने के मूल में करप्शन ही बड़ा कारण होता है। इसलिए इस पर ही चोट करनी होगी।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# साकार होता लोक कल्याण का सपना

किसी भी राष्ट्र का उत्थान वहां निवासरत लोगों के सामाजिक और आर्थिक विकास से ही संभव है। जब तक लोगों का जीवन सुगम नहीं होगा, तब तक किसी देश की आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त होना असंभव है। आचार्य चाणक्य ने यथार्थ ही कहा है कि धर्मस्य मूलम अर्थम- अर्थात धर्म के मूल में अर्थ है। एक लोक कल्याणकारी राज्य की परिकल्पना भी इसी माध्यम से संभव है। लोक कल्याण लोकतांत्रिक व्यवस्था का प्रमुख आधार है। चाणक्य इस बात पर बल देते हैं कि किसी भी राज्य की उन्नति तभी संभव है, जब राज्य की आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। पूर्व की सरकारों ने भी अर्थ (धन) को महत्व देते हुए लोक कल्याण और समतामूलक समाज के निर्माण का खाका तैयार किया, लेकिन तब उनमें कहीं न कहीं सकल लोक भावना का लोप दिखा। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने स्वयं इस बात को स्वीकार किया था कि सरकार की ओर से जनता के हित के लिए भेजा जाने वाला एक रुपया अंतिम जन तक पहुंचते-पहुंचते 15 पैसे रह जाता है। यह आजादी के बाद कांग्रेस और उसकी गठबंधन सरकारों की वास्तविकता रही है। यही वजह है कि लोक कल्याणकारी राज्य का सपना अपने मूल स्वरूप में साकार नहीं हो सका। लोक कल्याणकारी राज्य का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है कि वह जनता के जीवन स्तर को उच्चतर बनाने की दिशा में समुचित प्रयास करे। इस मानक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार शत प्रतिशत खरी उतरी है। खुद को समाजवादी विचारों के संवाहक कहने वाले राजनीतिक दलों ने सत्ता का स्वाद तो बहुत चखा, लेकिन उनका समाजवाद जनता का शोषण करके स्वयं का हित साधना था। उनकी नीतियां चरवाहा विद्यालय तक आकर सिमट जाती रहीं। अगर कोई योजना उनके शासनकाल में आई भी तो उसके क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और जातिवाद का बोलबाला रहा। इसके उलट मोदी सरकार ने योजनाओं का क्रियान्वयन अंतिम व्यक्ति तक शत प्रतिशत पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया। आज के दौर में जनता कथित समाजवादी दलों की असलियत को जान चुकी है। उनका समाजवाद आज परिवारवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका है। उनकी नीतियों ने भी देश के विकास को अपने मकड़जाल में उलझाए रखा। यही वजह थी कि देश की अर्थव्यवस्था आजादी के सात दशक बाद तक सिर्फ दो ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर तक पहुंच सकी। वहीं वर्ष 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद भारतीय समाज और व्यवस्था में बहुआयामी परिवर्तन परिलक्षित होने शुरू हुए। परिवर्तन का एक ऐसा दौर शुरू हुआ, जिसने समाज और देश को एक नई दिशा दी। जन आकांक्षा की पूर्ति कैसे होती है, उसकी दिशा दिखाई। रिफार्म (सुधार) और ट्रांसफार्म (कायाकल्प) के इस दौर में देश ने एक सकारात्मक बदलाव महसूस किया है। आज हर क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति में यह विश्वास जागृत हुआ है कि मोदी सरकार ने जिसका शिलान्यास किया है, वह उसका उद्घाटन भी करेगी। समाज के हर तबके का कल्याण ही मोदी सरकार का अहम लक्ष्य है। मनरेगा एक समय भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका था, लेकिन मोदी सरकार ने उसे लोगों के जीवन में खुशहाली घोलने का जरिया बना दिया है। गरीबों तक बैंक की पहुंच सुनिश्चित करने का क्रांतिकारी फैसला मोदी सरकार की देन है। एक समय देश में 50 करोड़ ऐसे लोग थे, जो देश के बैंकिंग सिस्टम का हिस्सा ही नहीं थे। देश के अर्थतंत्र में उनकी कोई भूमिका ही नहीं थी, लेकिन 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद जनधन योजना के माध्यम से देश के 48.87 करोड़ लोगों के खाते खोले गए और उन्हें बैंक से जोड़ा गया। आज देश का गरीब से गरीब व्यक्ति भी बैंकिंग सिस्टम से जुड़कर डिजिटल लेनदेन में सहभागी बन रहा है। जनधन का एक बड़ा लाभ यह भी हुआ कि अब अगर केंद्र सरकार उन्हें एक रुपया देना चाहती है तो सीधे लाभार्थी के खाते में एक रुपया पारदर्शिता के साथ पहुंच रहा है। इसी प्रकार गरीबों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़कर मोदी सरकार ने उन्हें बेहतर स्वास्थ्य जीवन का तोहफा प्रदान किया है। एक आंकड़े के अनुसार आयुष्मान भारत योजना ने देश के गरीबों के 80 हजार करोड़ रुपये खर्च होने से बचाए हैं। गरीब और गरीबी के नाम पर समाजवाद का चोला ओढ़कर पूर्ववर्ती सरकारों के प्रतिनिधियों ने अपना घर भरने का काम किया, जबकि मोदी सरकार ने गरीब कल्याण को अपना आधार बनाया। सेवा, समर्पण, अंत्योदय और संकल्प से सिद्धि का मूलमंत्र लेकर मोदी सरकार ने यह साबित किया है कि उसकी नीतियां समाजवाद के बरक्स कहीं बेहतर और लोक मंगल की भावना से युक्त हैं। भाजपा नीत केंद्र सरकार की कल्याकारी नीति में लोक मंगल की भावना समाहित है। यह लोक मंगल मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन चरित्र से भी प्रेरित है। यहां हर वर्ग की उन्नति ही एकमात्र विकल्प है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इनोवेशन, कठिन परिश्रम और उद्यमिता को महत्व प्रदान किया जा रहा है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के लिए सभी को साथ लेकर चलना होता है। यही वजह है कि केंद्र सरकार निजी क्षेत्र को भी बढ़ावा दे रही है, जिससे अर्थव्यवस्था को पंख लगे हैं। सिर्फ लाइसेंस राज से अर्थव्यवस्था को बेहतर और सुगम नहीं बनाया जा सकता। इसे मोदी सरकार भलीभांति समझती है। आज भारत हर मायने में तरक्की की नई इबारत लिख रहा है, जिसमें समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने की कवायद दिखती है। यह पीएम मोदी की दूरदृष्टि और राष्ट्रहित सर्वोपरि के सोच की वजह से संभव हुआ है।


## Social Media Corner

**सच के हक में...**



मोदी सरकार ने गुरुग्राम के हुडा सिटी सेंटर व साइबर सिटी के बीच 5452 करोड़ की लागत से 28.50 किलोमीटर मेट्रो के निर्माण को मंजूरी दी। इससे गुरुग्राम में कनेक्टिविटी बढ़ेगी और लोगों को सुगमता होगी, साथ ही रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। हरियाणा के साथ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाले इस निर्णय के लिए मोदी जी का धन्यवाद।

**(अमित शाह के के ट्विटर अकाउंट से)**



कभी कभी सोचता हूं कि झारखंड में अवैध खनन, सरकारी लूट, दलालों–बिचौलियों के माध्यम से सरकार चलाना, भ्रष्ट लोगों को प्रश्रय देना या अनियमितता करना, यहाँ तक तो सोचा जा सकता था लेकिन सेना की जमीनों का सौदा? यह तो स्तब्ध करने वाली बात है। सेना की जमीनों का एक संगठित गिरोह जिसमें निबंधन कार्यालय के बाबू से लेकर बड़े अधिकारी और बिचौलिए–दलाल, सत्ताधारी तक शामिल थे। बड़े अधिकारी तो कूटरचित दस्तावेजों को सत्यापित कर देते थे। हर भारतीय के लिए शौर्य, अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान के प्रतीक भारतीय सेना की जमीनों की दलाली करने वाले ₹राष्ट्रविरोधी₹ ही तो हैं। ये सब देख–सुन कर देश–दुनियां के लोग क्या सोचते होंगे झारखंड और झारखंडी शासकों के बारे में? ये गंभीर सवाल है!

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# माडलिंग में झारखंड की धमक



सईद फरदीन

मोहम्मद साहिद आलम रांची, झारखंड का एक महत्वाकांक्षी मॉडल है। वह पिछले दो साल से मॉडलिंग कर रहे हैं और इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना रहे हैं। वह हाल ही में अपने मॉडलिंग करियर के लिए कोलकाता से रांची चले गए और मॉडलिंग की अपनी अनूठी शैली के साथ लहरें बना रहे हैं। उनके काम को विभिन्न फैशन पत्रिकाओं में दिखाया गया है और वह अब अपने करियर को अगले स्तर पर ले जाना चाहते हैं। साहिद के दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत ने उन्हें झारखंड में सबसे अधिक मांग वाले मॉडलों में से एक बना दिया है। वह 2017 से अपने मॉडलिंग करियर को आगे बढ़ा रहे हैं और पहले ही उद्योग में काफी प्रगति कर चुके हैं। वर्तमान में, वह अपने पोर्टफोलियो के निर्माण और भारत में अग्रणी मॉडलों में से एक बनने के लिए अपने कौशल को परिष्कृत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। साहिद के फैशन और मॉडलिंग के जुनून ने उन्हें झारखंड के कुछ बेहतरीन फोटोग्राफरों और डिजाइनरों के साथ काम करते देखा है। समर्पण, कड़ी मेहनत और सरासर प्रतिभा के साथ रौशन मॉडलिंग की दुनिया में अपना नाम बनाने में कामयाब रहे हैं। उनकी अनूठी शैली और व्यवहार ने पूरे भारत में कई लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। मोहम्मद साहिद आलम इस बात का उदाहरण हैं कि कैसे दृढ़ता से बड़ी सफलता मिल सकती है, चाहे आप कहीं से भी आए हों या आपकी पृष्ठभूमि कोई भी हो। उनकी यात्रा अन्य आकांक्षी मॉडलों के लिए प्रेरणा का काम करती है जो इस क्षेत्र में कुछ बड़ा करना चाहते हैं। मोहम्मद साहिद आलम मॉडलिंग की दुनिया का एक उभरता हुआ सितारा है। वह रांची, झारखंड से ताल्लुक रखते हैं और अपने असाधारण रूप और त्रुटिहीन शैली से सुर्खियां बटोर रहे हैं। साहिद झारखंड में फैशन का चेहरा बनने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। उनकी कड़ी मेहनत रंग ला रही है क्योंकि उन्हें पहले से ही स्थानीय फैशन शो, पत्रिकाओं और विज्ञापन अभियानों में दिखाया जा रहा है। वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय हैं जहां वह अपने मॉडलिंग के सफर को अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स के साथ साझा करते हैं। साहिद की सफलता की कहानी छोटे शहरों के उन महत्वाकांक्षी मॉडलों के लिए प्रेरणा का काम करती है जो फैशन उद्योग में कुछ बड़ा करना चाहते हैं। रौशन के उदाहरण से कोई भी अपने सपनों को हासिल कर सकता है चाहे वह कहीं से भी आया हो।



मॉडल साहिद आलम

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



नौ जून का दिन झारखंड और झारखंडियों के लिए काफी खास दिन है। विद्रोह कर अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ आवाज उठानेवाले भगवान बिरसा मुंडा ने इसी दिन अंतिम सांस ली। रांची जेल अधीक्षक ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद नौ जून की शाम पांच बजे कोकर स्थित डिस्टिलरी पुल के पास रात में उनका अंतिम संस्कार करवा दिया। 25 साल की उम्र में इस दुनिया से विदा हो गए। अपने पीछे वह बहुत कुछ दे गए। लोगों को जगा गए। यह संदेश दे गए कि अन्याय का विरोध जरूर करना चाहिए। एकजुट होकर अत्याचारी शासन के खिलाफ खड़े होना भी सिखा गए। बिरसा मुंडा की ओर से शुरू किए गए आंदोलन का ही परिणाम था कि 1908 में छोटानागपुर टीनेंसी एक्ट अस्तित्व में आया। भगवान बिरसा ने अंग्रेजों को हिलाकर रख दिया था। तीन फरवरी 1900 को उन्हें गिरफ्तार किया गया था। अपनी छोटी सी उम्र में बिरसा मुंडा बड़े काम कर गए। अपने आंदोलन को एक धार देने के लिए अलग पंथ चलाया–बिरसाइत पंथ। यह पंथ आज भी अस्तित्व में है। यह अलग बात है कि इस पंथ के कम लोग ही हैं। वह केवल जल, जंगल, जमीन की लड़ाई ही नहीं चाहते थे। समाज का सुधार भी चाहते थे। आज जरूरत है बिरसा के बताए हुए मार्ग पर चलने की। नई पीढ़ी को उनके संघर्ष, उनकी सोच और उनके जीवन के बारे में विस्तार से बताया जाना चाहिए। आज इस बात की जरूरत सबसे ज्यादा है।

**प्रभात कुमार राजन, एडमिन पब्लिक न्यूज रांची।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# डब्ल्यूटीसी फाइनलः दूसरे दिन भारत की वापसी, ऑस्ट्रेलिया को 469 रन पर रोका, मोहम्मद सिराज के 4 विकेट

**बेंगलुरू। (एजेंसी)।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 469 रन का विशाल स्कोर बनाया हैं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से शानदार बल्लेबाजी हुई। स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड में जबरदस्त साझेदारी कर भारत के सामने एक मजबूत चुनौती रखी है। हालांकि, दूसरा दिन भारत के लिए अच्छा रहा। दूसरे दिन भारतीय टीम सात विकेट विकेट हासिल करने में कामयाब रही। दूसरे दिन का खेल जब शुरू हुआ तो ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टीव स्मिथ ने अपना शतक जड़ा। स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड के आउट होने के बाद भारतीय गेंदबाजों ने इस मैच में शानदार वापसी की और ऑस्ट्रेलिया के बाकी बल्लेबाजों को सस्ते में आउट किया।

स्टीव स्मिथ ने 121 रन की जबरदस्त पारी खेली तो वहीं ट्रेविस हेड ने 163 रन बनाए हैं। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी ने भी ताबड़तोड़ 48 रनों की पारी खेली। वहीं, भारतीय गेंदबाजों की बात की जाए तो मोहम्मद शमी ने दो सफलताएं हासिल की है जबकि मोहम्मद सिराज को 4 विकेट मिले हैं। शार्दुल ठाकुर को दो वहीं रविंद्र जडेजा को एक सफलता हाथ लगी है। भारत ने पहले दिन बाउंसर का शुरुआत में अधिक इस्तेमाल नहीं किया था लेकिन सिराज और शमी ने दूसरे दिन पहले सत्र में शॉर्ट पिच गेंदों का बखूबी इस्तेमाल किया। स्मिथ हालांकि उछाल लेती गेंदों के खिलाफ आसानी से खेले लेकिन हेड असहज दिखे। दिन के छठे ओवर में सिराज की शॉर्ट गेंद को लेड साइड की ओर खेलने की कोशिश में हेड विकेटकीपर श्रीकर भरत को कैच देकर पवेलियन लौटे। उन्होंने अपनी पारी में 25 चौके और एक छक्का लगाया।

कैमरन ग्रीन भी अधिक देर नहीं टिक सके और शमी की गेंद को ड्राइव करने की कोशिश में दूसरी स्लिप में शुभमन गिल के हाथों लपके गए। स्मिथ भी इसके बाद शारदुल ठाकुर की ऑफ साइड से बाहर की गेंद को विकेटों पर खेलकर पवेलियन लौट गए। यह शारदुल की दिन की पहली गेंद थी। स्मिथ ने 19 चौके मारे। स्थानापन्न खिलाड़ी अक्षर पटेल ने मिड ऑफ से भागते हुए स्टंप पर स्टीक निशाना लगाकर मिशेल स्टार्क को रन आउट करके भारत को दिन की चौथी सफलता दिखाई। तेज धूप के बीच पिच बल्लेबाजी के लिए आसान हो गई है लेकिन तेज गेंदबाजों को अब भी पर्याप्त मदद भी मिल रही है।



# एशिया कपः चीनी ताइपै को 11 . 0 से हराकर भारत सेमीफाइनल में



**काकामिगाहारा।(एजेंसी)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चीनी ताइपै को आखिरी पूल मैच में 11 . 0 से हराकर एशिया कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ पूल ए में भारत शीर्ष पर बरकरार है। भारत टूर्नामेंट में तीन जीत और एक ड्रॉ खेलकर अपराजेय रहा। भारत के लिये वैष्णवी विट्ठल फाल्के (पहला मिनट), दीपिका (तीसरा), अन्नु (10वां और 52वां), रूतुजा दादोसा पिसल (12वां), नीलम (19वां) मंजू चौरसिया(33वां) , सुनेलिता टोप्पो (43वां और 57वां) , दीपिका सोरेंग (46वां) और मुमताज खान (55वां) ने गोल दागे। भारतीयोंने पहले ही मिनट से अपना दबदबा बना लिया और लगातार गोल करते रहे।

वैष्णवी ने पहला फील्ड गोल किया जिसके बाद दीपिका ने पेनल्टी को तब्दील किया। अन्नु और रूतुजा ने दो दो गोल दागे। भारत के पास पहले क्वार्टर में ही चार गोल की बढत हो गई। दूसरे क्वार्टर में नीलम ने गोल किया। तीसरे क्वार्टर में मंजू और टोप्पो ने गोल दागे जबकि आखिरी क्वार्टर में दीपिका, अन्नु, मुमताज और टोप्पो ने एक एक गोल किया। भारत का सामना शनिवार को सेमीफाइनल में जापान या कजाखस्तान से होगा।

# क्षेत्ररक्षण का फैसला करके भारत ने सकारात्मक मानसिकता नहीं दिखाईः शास्त्री

**लंदन। (एजेंसी)।** भारत के रक्षात्मक रवैए से निराश पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला करके सकारात्मक मानसिकता नहीं दिखाई। भारत ने अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को अंतिम एकादश में जगह नहीं दी और चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला किया। पिच पर घास होने और बादल छाए रहने के कारण भारत ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। उसका यह फैसला सही साबित नहीं हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड (नाबाद 146) और स्टीव स्मिथ (नाबाद 95) के बीच चौथे विकेट के लिए 251 रन की अटूट साझेदारी की मदद से पहले दिन तीन विकेट पर 327 रन बनाए।



शास्त्री ने पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद आईसीसी से कहा,'' पहले दिन जो हुआ वह टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने की मानसिकता से जुड़ा हुआ है। इसलिए आप चार तेज गेंदबाज और एक स्पिनर के साथ उतरे।'' उन्होंने कहा,'' अगर मानसिकता सकारात्मक होती तो आप पहले बल्लेबाजी का फैसला करते। पहला सत्र संभल कर खेलते और फिर देखते कि क्या आप दिन में 250 रन तक पहुंच सकते हो। बहुत बड़े स्कोर के बारे में नहीं सोचते और अगर परिस्थितियां बेहतर होती और पहला सत्र अच्छा निकल जाता तो आप इससे भी बड़ा स्कोर बना सकते थे।

# एशिया कप 2023 अगर ऐसा हुआ तो टीम इंडिया में होंगे बड़े बदलाव, शुभमन गिल होंगे कप्तान, इन खिलाड़ियों को मिलेगा मौका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप 2023 को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बड़ा सवाल यही है कि एशिया कप कहां होगा और अगर हुआ भी तो पाकिस्तान इसमें शामिल होगा या नहीं होगा। इन सबके बीच खबर यह आई है कि पाकिस्तान के बिना ही एशिया कप को अब कराने की तैयारी है। इसके लिए श्रीलंका में तैयारियां भी शुरू हो चुकी है। लेकिन अगर पाकिस्तान की टीम एशिया कप में शामिल नहीं होती है तो ऐसे में भारतीय टीम में भी बड़ा बदलाव दिखेगा।

## यह हो सकता है बदलाव

दरअसल, पाकिस्तान की टीम मजबूत टीम मानी जाती है। लेकिन एशिया कप में शामिल नहीं होती है तो बाकी की टीमें कमजोर है। चाहे वह बांग्लादेश हो या श्रीलंका या फिर अफगानिस्तान। ऐसे में भारतीय सीनियर खिलाड़ियों को एशिया कप में आराम दिया जा सकता है और नए खिलाड़ियों को टीम में मौका दिया जाएगा। इसे हम टीम इंडिया का बी टीम भी कह सकते हैं। फिलहाल इस खबर पर मुहर तो नहीं लगी है लेकिन माना जा रहा है सबकुछ पाकिस्तान पर निर्भर करता है।

## ऐसी हो सकती है टीम इंडिया



खबरों के मुताबिक अगर टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ियों को एशिया कप के लिए आराम दिया जाता है तो इसमें नए खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। हाल में शानदार फॉर्म दिखाने वाले शुभमन गिल को बड़ा इनाम मिल सकता है और उन्हें कप्तानी की भूमिका सौंपी जा सकती है। इसके अलावा यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड, रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा, आकाश मधवाल और यश ठाकुर जैसे आईपीएल स्टार को भी इस टीम में मौका दिया जा सकता है। 2023 के एकदिवसीय विश्व कप से पहले टीम इंडिया में नए खिलाड़ियों को लेकर यह एक ट्रायल भी हो सकता है। एशिया कप भी इस बार एकदिवसीय प्रारूप में ही खेला जाना है।

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारतीय टीम को नीदरलैंड ने 4–1से हराया

आइंडहोवन । भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी प्रो लीग में नीदरलैंड ने 4–1 से हरा दिया। इस मैच में भारतीय टीम को शुरुआत में बढ़त मिली थी पर वह उसका लाभ उठा नहीं पायी। इस मैच में भारत की ओर से एकमात्र गोल 11वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किया। वहीं नीदरलैंड की तरफ से पेपिजन रेयेंगा (17वें), बोरिस बुर्कहार्ट (40वें) और डुको टेलजेनकैंप (41वें और 58वें) ने गोल किए। इस मैच में डच टीम पूरी तरह से हावी रही, वहीं भारतीय टीम भी काफी अवसर मिले पर भारतीय खिलाड़ी उनका लाभ नहीं उठा पाये। मैच के दौरान भारतीय टीम को पांच पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिन्हें वह गोल में नहीं बदल पायी। ब्रिटेन में लगातार दो मैच जीत कर यहां पहुंची भारतीय टीम की ओर से हरमनप्रीत ने पहले क्वार्टर में ही एक गोल कर उसे बढ़त दिला दी। भारतीय टीम को 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे रोकने के दौरान नीदरलैंड के डिफेंडरों ने जानबूझकर फॉउल किया इस कारण भारतीय टीम को पेनल्टी स्ट्रोक मिल जिसपर हरमनप्रीत ने गोल दाग दिया। यह हरमनप्रीत का इस सत्र का 17 वां गोल था। वहीं इसके बाद नीदरलैंड की टीम की ओर सेपेपिजन रेयेंगा ने गोल कर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद अपने आक्रामक खेल से वह भारतीय टीम पर हावी होन लगी। नीदरलैंड ने अधिकतर समय गेंद पर नियंत्रण बनाये रखा। दूसरा क्वार्टर समाप्त होने से कुछ सेकंड पहले ही उसे एक पेनल्टी कॉर्नर मिला पर भारत ने इसे विफल कर दिया। नीदरलैंड ने इसके बाद भी अपना आक्रामक खेल जारी रखा। उसे तीसरे क्वार्टर के शुरू में ही गोल करने का मौका मिला था पर भारतीय गोलकीपर कृष्ण पाठक ने इस प्रयास को नाकाम कर दिया।

# आईपीएल से खुश पर टेस्ट को बचाने ठोस कदम उठायें सभी सदस्य : फारुख इंजीनियर

लंदन । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजीनियर ने कहा है कि आईपीएल की सफलता को देखकर उन्हें भी खुशी हुई है पर उनका मानना है कि टेस्ट क्रिकेट सबसे अहम है और इसे बचाने के लिए विश्व के सभी सदस्य देशों को ठोस कदम उठाने चाहिये। इंजीनियर के अनुसार आर्थिक रुप से मजबूत भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर तो टेस्ट क्रिकेट के प्रति प्रतिबद्ध हैं पर छोटे देशों के खिलाड़ी मोटी कमाई के कारण विश्व भर की फ्रेंचाइजी लीग में खेलने को प्राथमिकता दे रहे हैं। इंजीनियर ने कहा,'' टेस्ट क्रिकेट का खतरे में होना खेल के लिए अच्छा नहीं है। यह सही है कि टी20 के जरिए यह खेल विश्व भर में फैल रहा है पर इसके लिए टेस्ट क्रिकेट को खतरे में नहीं डाला जाना चाहिए। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप दुनिया को यह दिखाती है कि टेस्ट क्रिकेट सीमित ओवरों के क्रिकेट जितना ही दिलचस्प हो सकता है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए यहां आये इंजीनियर ने कहा,'' यह शतरंज के खेल की तरह है जो हालातों पर निर्भर करता है। इसमें ही बल्लेबाजों के कौशल की असली परीक्षा होती है। खेल में टेस्ट और सीमित ओवरों की क्रिकेट दोनों के लिए पर्याप्त जगह होनी चाहिए। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि उन्होंने उन दिनों क्रिकेट खेली है जब क्रिकेटर एक दिन में 50 रुपए की कमाई करते थे। उन्हें खुशी है की आईपीएल से अब क्रिकेटर करोड़ों की कमाई कर रहे हैं। इंजीनियर ने कहा,'' भारत टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ गया है और सीमित ओवरों की क्रिकेट में हमारे पास आईपीएल है जिससे दुनिया ईर्ष्या करती है। क्रिकेट की बागडोर भारतीय क्रिकेट के हाथ में हैं और इससे मुझे बहुत खुशी होती है।मैं हर समय क्रिकेट देखता हूं। यह मेरे खून में है। क्रिकेट भारतीय खेल है जिसका गलती से ब्रिटेन में जन्म हुआ। क्रिकेट पहले भी काफी लोकप्रिय था लेकिन टी–20 से यह दुनिया के तमाम देशों में फैल रहा है। आईपीएल में मोटी धनराशि मिलती है। हमें पांच दिन के टेस्ट मैच खेलने के लिए प्रतिदिन 50 रुपए मिलते थे।

# '30 जून तक होगा डब्ल्यूएफआई का चुनाव', अनुराग ठाकुर बोले- खेल और खिलाड़ियों पर सरकार का विशेष ध्यान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से बुधवार को मुलाकात की थी। इस बाद खबर आई थी कि 15 जून तक प्रदर्शन नहीं होंगे। इन सब के बीच केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज एक बार फिर से बड़ा बयान दिया है। अनुराग ठाकुर ने आज फिर कहा कि कल विरोध करने वाले पहलवानों के साथ मुलाकात सकारात्मक रही। हमने उन्हें आश्वासन दिया है कि 15 जून तक जांच पूरी कर ली जाएगी और चार्जशीट फाइल कर दी जाएगी। डब्ल्यूएफआई का चुनाव 30 जून तक होगा।

## खेल-खिलाड़ियों पर ध्यान

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने डॉ कर्णी सिंह शूटिंग रेंज कॉम्प्लेक्स का दौरा किया। इसके बाद अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार की ओर से खेल और खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं में जो सुधार किया गया है उसके परिणाम ये हैं कि पिछले बार ओलंपिक, पैरा ओलंपिक,कॉमन वेल्थ गेम्स में हमने रिकॉर्ड मेडल जीते और उसी दिशा में आने वाले एशियन गेम्स में हम खेले। हमारा लक्ष्य है कि हम आज तक के सबसे ज्यादा मेडल एशियन गेम्स में जीते। भारत सरकार की तरफ से अब तक 220 करोड़ रुपए से अधिक इसके तैयारियों के लिए मंजूर किया गया है।

## बुधवार को क्या कहा था

अनुराग ठाकुर ने पहलवानों से मुलाकात के बाद बुधवार को कहा था कि पहलवानों से मेरी 6 घंटे लंबी चर्चा हुई। हमने पहलवानों को आश्वासन दिया है कि 15 जून तक जांच पूरी कर ली जाएगी और चार्जशीट दाखिल कर दी जाएगी। 30 जून तक डब्ल्यूएफआई के चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि कुश्ती महासंघ की एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता एक महिला करेगी। पहलवानों के खिलाफ सभी एफआईआर वापस ली जानी चाहिए।




ठाकुर ने कहा कि पहलवानों ने यह भी अनुरोध किया कि 3 कार्यकाल पूरा कर चुके बृजभूषण सिंह और उनके सहयोगियों को दोबारा नहीं चुना जाना चाहिए। 15 जून से पहले पहलवान कोई धरना नहीं करेंगे। ठाकुर ने कहा कि पहलवानों ने अनुरोध किया कि 3 कार्यकाल पूरा कर चुके बृजभूषण सिंह और उनके सहयोगियों को दोबारा नहीं चुना जाना चाहिए। उन्होंने मांगी की कि पहलवानों के खिलाफ सभी एफआईआर वापस ली जाए।

# अमेरिकी मेजर लीग सॉकर में खेलेंगे मेसी

मियामी ।अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर और कप्तान लियोनेल मेसी ने कहा है कि वह इंटर मियामी की ओर से अमेरिका के मेजर लीग सॉकर में खेलेंगे। इसी के साथ ही मेसी ने पिछले कुछ समय से चल रही अटकलबाजियों पर भी विराम लगा दिया। मेसी का हाल ही में फ्रांस के पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) से अनुबंध समाप्त हुआ था और अब उनके सऊदी अरब के किसी क्लब से जुड़ने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं पर अब वे सभी समाप्त हो गयी हैं। जा रही थी। मेसी मियामी की ओर से खेलने वाले दुनिया के दूसरे स्टार फुटबॉलर होंगे। उनसे पहले इंग्लैंड के डेविड बैकहम ने भी इस क्लब की तरफ से खेला है। मेसी ने कहा,'' विश्व कप जीतने और बार्सिलोना में वापसी नहीं कर पाने के बाद अब मैं अमेरिकी लीग में खेलना चाहता हूं।


# रुतुराज के बाद प्रसिद्ध कृष्णा भी शादी के बंधन में बंधे

मुम्बई । क्रिकेटर रुतुराज गायकवाड़ के बाद अब एक और भारतीय क्रिकेटर ने शादी रचाई है। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा अपनी गर्लफ्रेंड रचना कृष्णा के साथ शादी के बंधन में बंधे हैं। उनकी शादी व हल्दी रस्म की तस्वीरें भी अब सामने आ चुकी हैं। कृष्णा की शादी की जो पहली तस्वीर सामने आई है, उसमें वह पत्नी को मंगलसूत्र पहनाते हुए नजर आ रहे हैं। कृष्णा पारंपरिक अंदाज़ में दिखाई दिए। इसके अलावा एक तस्वीर में वह अपनी मंगेतर के गले में हाथ डालकर बैठे हुए हैं तो दूसरी तस्वीर में वो अपनी मंगेतर के साथ विपरीत दिशा में बैठे हैं और दोनों ही हल्दी से रंगे हुए हैं। कृष्णा फिट नहीं होने के कारण इस साल आईपीएल से बाहर थे। अब तक उन्होंने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेला है। खेलते हैं, गत सत्र में उन्होंने राजस्थान की ओर से शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने राजस्थान के लिए 17 मैच में 19 विकेट लिए थे। इस क्रिकेटर ने अपने करियर में कुल 51 मैच खेले हैं, जिसमें 34.76 की औसत से 49 विकेट लिए हैं। कृष्णा ने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू किया था। इस खिलाड़ी ने अभी तक भारतीय टीम की ओर से 14 एकदिवसीय मैच खेलते हुए 23.92 की औसत से 25 विकेट लिए हैं। इस दौरान उन्होंने 5.32 की इकॉनोमी से रन दिये। इसी माह की शुरुआत में रुतुराज भी उत्कर्षा पवार के साथ शादी के बंधन में बंध गये थे।

# सुनील नारायण टी20 में 500 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने

**लंदन(एजेंसी)।**वेस्टइंडिज के रहस्यमयी स्पिनर सुनील नारायण ने टी20 क्रिकेट में अपने 500 विकेट पूरे करते ही एक अहम उपलब्धि हासिल की है। नारायण ने टी20 ब्लास्ट टूर्नोमेंट में सर्रे की ओर से खेलते हुए नारायण ने ग्लेमोर्गन के खिलाफ एक विकेट लेने के साथ ही अपने 500 विकेट पूरे किये। उन्होंने ग्लेमोर्गन के खिलाफ 4 ओवर में 34 रन देकर एक विकेट लिया।नारायण यह विकेट लेते ही टी20 क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गये हैं। टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड उनके ही हमवतन ड्वेन ब्रावो के नाम है। ब्रेवो ने टी20 में 615 विकेट लिए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान हैं। राशिद के नाम टी20 क्रिकेट में कुल 555 विकेट हैं।

टी20 ब्लास्ट में सर्रे और ग्लेमोर्गन में खेले गए मुकाबले में सर्रे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए, लौरी इवान्स की शतकीय पारी 118 रनों की सहायता से 20 ओवर में 2 विकेट पर 236 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को ग्लेमोर्गन ने 20 ओवर में ही 8 विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाकर हासिल कर लिया। ग्लेमोर्गन की ओर से सैम नोर्थईस्ट ने 54 गेंदों में 78 रन बनाए, जबकि अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन सामान्य रहा। सर्रे की ओर से गस एटकिंसन, सैम करन और



क्रीस जोर्डन सहित तीन गेंदबाजों ने 2-2 विकेट लिए। सुनील नारायण और जेमी मेक्लोरी को एक-एक विकेट मिला।

# फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली ब्राजील की पहली महिला बनीं बीट्रिज –जब्योर को 3–6, 7–6(5), 6–1 से हराया

पेरिस । ब्राजील की बीट्रिज हद्दाद मैया फ्रेंच ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। बीट्रिज ने महिला एकल क्वाटर्रफाइनल में ट्यूनीशिया की ओन्स जब्योर को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी। वह ये उपलब्धि हासिल करने वाली पहली ब्राज़ीलियाई महिला खिलाड़ी हैं। बीट्रिज ने जब्योर को करीब ढ़ाई घंटे 29 मिनट में 3–6, 7–6(5), 6–1 से हराया। इस प्रकार बीट्रिज किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी ब्राजीलियन महिला खिलाड़ी भी हैं। उनसे पहले केवल मारिया बुएनो ही साल 1968 में अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचीं थीं। सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। सेमीफाइनल में हद्दाद मैया का सामना पोलैंड की इगा स्वियातेक या अमेरिका की कोको गौफ में से किसी एक से होगा। इस टूर्नामेंट से पहले बीट्रिज किसी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता के दूसरे चरण से आगे नहीं बढ़ीं थीं। क्वाटर्रफाइनल के पहले सेट में भी जब्योर ने जीत दर्ज की पर इसके बाद ब्राजीली खिलाड़ी ने अच्छी वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। पहला सेट हारने के बाद बीट्रिज ने अच्छी सर्विस की। जब मुकाबला 5–5 पर बराबर था तब जब्योर ने दो ब्रेक अंक हासिल किये पर बीट्रिज ने दोनों बार ही उसे जीत हासिल नहीं करने दी। जब्योर ने एक ब्रेक अंक बचाया पर टाइब्रेकर में बीट्रिज के मजबूत फोरहैंड ने उन्हें इस सेट में विजय दिलायी। तीसरे सेट में ब्राजीली खिलाड़ी ने 3–0 की बढ़त बनाई पर जब्योर ने एक गेम हासिल कर किया। इसके बाद जब्योर की गलतियों के साथ ही वह जीत के साथ ही सेमीफाइनल में पहुंच गयीं।



# डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए अश्विन को अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिले पर हैरान हैं गांगुली, गावस्कर सहित ये दिग्गज

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गजों सुनील गावस्कर, सौरव गांगुली से लेकर रवि शास्त्री ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल को लेकर कहा कि भारतीय टीम को अब तक की गलतियों को भूलकर आगे बढ़ना चाहिये। इस मैच में पहले दिन ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हावी रहे। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीन विकेट पर सवा तीन सौ रन के करीब बनाये हैं।

वहीं पूर्व कप्तान गांगुली ने पहले दिन के खेल के बाद कहा कि एक समय ऑस्ट्रेलिया ने 76 रन पर 3 विकेट खो दिये थे पर इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने अपनी गलतियों से ट्रेविस हेड को हावी होने दिया। गेंदबाजों ने हेड पर उन पर वह दबाव नहीं बनाया जा सका। इस कारण हेड ने शतकीय पारी खेली। गांगुली ने ये भी कहा कि आर अश्विन को अंतिम ग्यारह में शामिल न कर भारतीय टीम ने बड़ी गलती की। गांगुली ने कहा कि जिस टीम में अश्विन, हरभजन सिंह या अनिल कुंबले जैसे स्पिनर हों उन्हें आप अनदेखा नहीं कर सकते। आपको जोखिम लेना ही होगा। जिस गेंदबाज ने 470 से ज्यादा विकेट लिए हैं उसके लिए टीम में जगह बनानी ही होगी।

गांगुली ने कहा कि डब्ल्यूटीसी फाइनल में अश्विन के होने से फायदा होता क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के टॉप ऑर्डर में 4 लेफ्टहैंडर बैटर हैं। अश्विन इन खब्बू बल्लेबाजों पर अपनी ओर से दबाव बना सकते थे। वहीं शास्त्री से जब अश्विन को अंतिम ग्यारह में शामिल नहीं किये जाने पर पूछा गया तो उन्होंने कहा जो गलती हुई वह हो गयी है। अब अश्विन को भूलकर मैच में जुट जायें और आगे बढ़ें।

वहीं गावस्कर ने भी कॉमेंट्री के दौरान अश्विन को अंतिम ग्यारह में जगह नहीं दिये जाने पर हैरानी जतायी। साथ ही कहा, 'मैं अश्विन को अंतिम ग्यारह में शामिल नहीं करने पर हैरान हूं। भारतीय टीम उनकी बदौलत ही यहां तक पहुंची है। इस विकेट पर उमेश यादव के स्थान पर अश्विन को टीम में शामिल किया जा सकता था।' वहीं राजपूत ने कहा कि हो सकता है कि यह फैसला पिच को देखकर लिया गया हो क्योंकि इंग्लैंड में पिच और मौसम को देखकर एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज शामिल कर लिया जाता है।



# अपनी फिल्मों के कारण शारीरिक और आर्थिक तौर पर तकलीफ में रहता हूं : राणदीप

रणदीप हुड्डा नई वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश को लेकर चर्चा में है, जिसमें वह यूपी के रियल और सुपर कॉप अविनाश मिश्रा की भूमिका निभा रहे हैं। नवभारत टाइम्स से बातचीत में रणदीप हुड्डा ने अपनी पर्सनल लाइफ से लेकर प्रफेशनल फंट को लेकर ढेर सारी बातें की हैं। तकरीबन 22 साल पहले रणदीप हुड्डा ने मॉनसून वेडिंग के जरिए अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। उसके बाद बीते दो दशकों में वे वन्स अपॉन अ टाइम, साहब बीवी और गैंगस्टर, हाईवे, सरबजीतजैसी कई फिल्मों से संवरते चले गए हैं। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी नई सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश से। इसमें वे यूपी के रियल और सुपर कॉप अविनाश मिश्रा की भूमिका निभा रहे हैं। वे इस मुलाकात में अपनी सीरीज, एनकाउंटर, बायोग्राफी स्पेशलिस्ट, स्टारडम, रोमांस आदि पर बात करते हैं।

**रणदीप आपने इंस्पेक्टर अविनाश पर अपने पूरे दो साल खर्च किए तो अब आपको जब अपने रोल के लिए तारीफ मिल रही है, तो कैसा महसूस हो रहा है?**

मैं बहुत शुक्रगुजार महसूस कर रहा हूं। मैंने इस पर अपने पूरे दो साल लगाए, अब इसका अंजाम इतना मीठा है, ये सीरीज और मेरा काम लोगों को पसंद आ रहा है। मैं इसमें लेखक-निर्देशक नीरज पाठक को थैंक्स करना चाहूंगा, जो उन्होंने मुझे इस रोल के लिए चुना। साथ ही मैं इंस्पेक्टर अविनाश जी का धन्यवाद अदा करना चाहूंगा, जो उन्होंने मुझे अपने जीवन, उनके सीनियर्स और घर-परिवार से जोड़ा। जैसा कि आपको पता ही है कि ये यूपी के सुपर कॉप अविनाश मिश्रा की जिंदगी पर आधारित है, तो इस किरदार में आप जो दबंगई और मिठास देख रहे हैं, वो मिश्रा जी की ही देन है। हमने जब इस सीरीज की शूटिंग शुरू की थी, तो इतनी दिक्क्तें आई थीं, कभी कोविड, तो कभी कुछ और, मगर आज जीयो सिनेमा पर जिस तरह से लोगों का रिएक्शन मिला है, उससे मुझे गर्व है कि मेरी ऑडियंस को एक नया रणदीप हुड्डा देखने को मिला है।

**आप अपनी भूमिकाओं की रूह में जाने के लिए प्रसिद्ध हैं। कई एक्टर्स का कहना है कि कई बार वे अपनी भूमिका में इतना डूब जाते हैं कि रील और रियल लाइफ के बीच की रेखा ब्लर हो जाती है, आपका अनुभव?**

अब मेरे रोल्स में रील और रियल लाइफ की रेखा इतनी धुंधली पड़ जाए कि मैं इंस्पेक्टर अविनाश बनकर लोगों को गोलियां मारता फिरूं, तो ये बकवास है। आपके पास कॉल टाइम, लंच टाइम और यूनिट होती है, लोग होते हैं, तो आप अपने सेन्स में होते हैं। मगर मानसिक प्रभाव पड़ता है, अब जैसे हाईवे के बाद उस रोल का इतना प्रभाव पड़ा कि मैं अवसादग्रस्त हो गया था। अब जैसे सावरकर की भूमिका या उससे पहले सरबजीत की भूमिका के लिए मैंने वजन घटाने के लिए डायटिंग की, तो ऐसे समय में मैं हैंगरी (भूखा और गुस्से वाला) बन जाता हूं। ऐसे समय में मैं बर्दाश्त के बाहर हो जाता हूं। खाना न खाने से जो चिड़चिड़ापन आता है, उससे आपकी बॉडी पर एक अलग ही प्रभाव पड़ता है। मगर इंस्पेक्टर अविनाश के समय मेरी मां बहुत खुश थीं, क्योंकि इस रोल के लिए मैंने वजन बढ़ाया और मैं खूब खा-पी रहा था। मेरी मां बोलीं, बेटा इस बार तूने बहुत अच्छा रोल लिया है। खा -पी रहा है, सो रहा है। खाते -पीते घर का गोल-मटोल लग रहा है। इतना हैंडसम तू कभी लगा ही नहीं। हालांकि मेरी तो तोंद-वोंद निकल आई थी, मगर मेरी मां खुश थी। यह किरदार मेरे लिए इसलिए भी अलग था कि जिनकी बायोग्राफी मैंने की, उनसे मुझे निजी जिंदगी में मिलने का मौका नहीं मिला, इसमें मुझे मिश्रा जी ने बहुत समय दिया। चार्ल्स शोभराज से भी मैं जब फिल्म रिलीज पर थी, तब नेपाल में मिला था।

**आपके बारे में कहा जा रहा है कि रंग रसिया (राजा रवि वर्मा के जीवन पर आधारित), सरबजीत (सरबजीत सिंह) चार्ल्स (चार्ल्स शोभराज), वीर सावरकर (सावरकर), इंस्पेक्टर अविनाश के बाद आप बायोग्राफी स्पेशलिस्ट बन चुके हैं।**

मैं अपने मेकर्स का शुक्रगुजार हूं कि वे मुझे इस तरह की मुश्किल भूमिकाओं के लिए चुनते हैं। मेरे शुभचिंतकों ने बताया है कि तुम अपनी भूमिकाओं में खोकर खुद को ज्यादा बदल देते हो, इसलिए तुम्हारी कोई एक पक्की छवि नहीं बन पा रही है, इसी कारण आपको वो स्टारडम नहीं मिल पा रहा जो मिलना चाहिए। मेरा कहना ये है कि जब मुझे अपने काम में ही मजा नहीं आएगा, तो मैं स्टारडम का अचार डालूंगा। आज 22 साल बाद अगर लोग मेरे काम की इज्जत कर रहे हैं और मैं अपने मन मुताबिक काम कर पा रहा हूं, तो यही मेरे लिए बड़ी नेमत है। न मैं किसी पार्टी या इवेंट में जाता हूं, न मेरी कोई लॉबी है। फिर भी मैं अपने मन की कर पा रहा हूं। मुझे बहुत तकलीफ रहती है, इमोशनली, फिजिकली और फाइनेंशियली, साथ ही मैं बहुत अनिश्चितता से भी गुजरता हूं। अब जैसे मैंने इस प्रॉजेक्ट में अपने दो साल लगा दिए। मेरे पेरेंट्स और दोस्त -यार भी बहुत चिंतित रहते हैं, इस बात को लेकर, मगर अब मेरा काम बोल रहा है। देखिए, जब आप कम काम करते हैं, तो आपकी कमाई भी कम होती है।

**तो क्या एक हीरो के रूप में खुद की पब्लिक इमेज बनाए रखने के लिए कभी आर्थिक दबाव से गुजरना पड़ा है?**

हमारे यहां लोग हीरो को खास गाड़ी या रहन -सहन में देखने के आदी हैं। मुझे इन सब चीजों का लोभ नहीं है। ऐसा नहीं है, मैं बहुत अच्छी तरह से रहता हूं। मेरे पास गाड़ी-घोड़े सब कुछ हैं। मगर मेरा ऐसा नहीं है कि मैं इसी गाड़ी में जाऊंगा या यहीं खाऊंगा। कई बार मैं ऑटो पकड़ कर भी निकल जाता हूं। कई बार किसी की बाइक पकड़कर चल देता हूं। मुझे मटीरियलिस्ट चीजों से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता और ऐसा भी नहीं है कि मैं भुखमरी से गुजर रहा हूं या स्ट्रगल कर रहा हूं, मगर एक जो कम्फर्ट होता है न कि अब मैं पूरी जिंदगी भर अगर काम न करूं तो भी चल जाएगा, वो मेरे साथ कभी नहीं रहा है। एक बात बताऊं, जिसके पास घोड़े होते हैं, वो घोड़े बेचकर सो नहीं पाता। इसीलिए मैंने अपने घोड़े नहीं बेचे कि कहीं मैं घोड़े बेचकर सो न जाऊं।

**ये आपकी क्रिएटिविटी का ही विस्तार है कि आप निर्माता--लेखक-निर्देशक के रूप में वीर सावरकर ला रहे हैं?**

सावरकर के रूप में मेरा सफर तो एक अदाकार के रूप में हुआ था, मगर ऊपर बैठे सावरकर जी की रूह में कुछ और चल रहा होगा। ये उन्हीं की मेहरबानी है कि मैं एक्टर से लेखक फिर लेखक से निर्देशक और निर्देशक से निर्माता बन गया। मैंने तो सोचा था कि जब अभिनय करते हुए बूढ़े हो जाएंगे, तब निर्देशन करेंगे। मगर ये पड़ाव मेरे करियर में जल्दी आ गया। मैं इससे हताश भी हूं, क्योंकि अब मुझे हजार लोगों के सवाल सुनने पड़ते हैं। इससे मैं दबाव में भी हूं। मैंने भी जब तक उनके बारे में नहीं पढ़ा था, तब मैं उनके गहरे इतिहास से नावाकिफ था, जिन्हें भुला दिया गया है। हमारे देश में कई विचारधाएं हैं। हमारे स्वंतत्रता संग्राम में किसी एक का ही योगदान नहीं रहा है। बाकियों का क्या? इससे देश में मौजूद विभिन्न विचारधाराओं पर बातचीत होगी।

**विभिन्न विचारधाराओं वाली फिल्मों की बात करें, तो आज देश, समाज और राजनीति को लेकर जिस तरह की फिल्में बन रही हैं, क्या आपको नहीं लगता उससे हमारा सेक्युलर फैब्रिक प्रभावित हो रहा है?**

फिल्में कोई नई चीज नहीं बता रही है। हमने कहीं न कहीं पढ़ा है या खबरों में देखा है। हां, उसे किस नजरिए से पेश किया जाता है, उस पर ध्यान देना चाहिए। वो इंफॉर्मेटिव, एंगेजिंग और एंटेरटेनिंग हो, फिल्म का माध्यम ही यही है। उसे देखने के बाद उसे कौन किस तरीके से लेता है, उस पर कम ध्यान दिया जाता है और उस पर उठाए गए सियासी मुद्दों पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। मेरा मानना है कि हर तरह की फिल्में बननी चाहिए, जिसे जो देखनी है, वो देखे। जो सहमत हो, वो भी थी, न सहमत हो वो भी ठीक। इससे किसी का कुछ बिगड़ नहीं गया। हां, अगर बनाने वाले की नियत सही नहीं, तो उस पर आप सवाल उठा सकते हैं। उठाना भी चाहिए।

**एनकाउंटर स्पेशलिस्ट की बात करें, तो एक समय ये प्रदीप शर्मा, आंद्रे आदि हीरो कहलाते थे, मगर फिर इन पर संगीन आरोप लगे, आप क्या कहना चाहेंगे? आप एनकाउंटर को कितना सही मानते हैं?**

पहली बात तो ये है कि अविनाश जी के साथ ऐसा कुछ नहीं हुआ। उन्हें तो उल्टा सम्मानित किया गया। बाकियों पर मैं क्या टिप्पणी करूं? वक्त-वक्त की बात है। अब कौन कहां है और किससे किसको क्या चाहिए? जहां तक एनकाउंटर की बात है, तो जब बात हद से ज्यादा आगे बढ़ जाए, तो मामले हाथ में लेने पड़ते हैं। हमारे संविधान में पुलिस ही एक ऐसा महकमा है, जिसे शातिर अपराधियों को डराया जा सके। अब पुलिस इसे कैसे हैंडल करती है, ये उनका काम है, मैं इस पर क्या ही कहूं?

**प्यार-मोहब्बत की बात करूं, तो आप जैसे चर्चित और समर्थ अभिनेता का रिलेशनशिप स्टेटस क्या है?**

देखिए, मैंने इस बारे में कभी बात नहीं की है। बस इतना कह सकता हूं कि मैं खुश हूं।





## मां बनने वाली हैं स्वरा भास्कर

# पति फहाद के साथ फैंस को दी खुशखबरी

बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर मां बनने वाली हैं। स्वरा ने अपने पति फहाद अहमद के साथ घोषणा की है कि वे अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। स्वरा ने पति फहाद अहमद के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने ट्विटर पर अपने पति के साथ एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उनका बेबी बंप नजर आ रहा है। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, कभी-कभी आपकी सारी दुआओं का ईश्वर आपको एक-साथ ही परिणाम दे देता है। ईश्वर का आशीर्वाद, आभार और उत्साहित (और अनजान!) हम एक नई दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। स्वरा और फहाद ने फरवरी में स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत कोर्ट में शादी की थी। कपल ने वीडियो के साथ सोशल मीडिया पर अपनी शादी की घोषणा की।



# मैं चिंतित था, मेरे हीरो बनने के फैसले को पापा पसंद करेंगे या नहीं



अभिनेता शाहिद कपूर ने कहा है कि उन्हें इस बात की चिंता थी कि उनके पिता और दिग्गज अभिनेता पंकज कपूर हीरो बनने का उनका फैसला पसंद आएगा या नहीं। अभिनेता ने कहा, मेरे पिता पंकज कपूर हैं। सच तो यह है कि मैं अपने पिता की वजह से हीरो बनना चाहता था। मैं अक्सर सोचता था कि क्या वह अभिनेता बनने की मेरी पसंद के लिए मुझे जज करेंगे। माता-पिता जो करते हैं उससे रह कोई प्रभावित होता है। शाहिद ने कहा कि उनकी मां (नीलिमा अजीम) एक शानदार नर्तकी और अभिनेत्री हैं, जबकि उनके पिता एक अभिनेता के रूप में एक दिग्गज हैं। फिल्म कंपैनियन ने अभिनेता के हवाले से लिखा है, मेरे पिता मदद करते थे, लेकिन कई बार ऐसा भी होता था कि वह मेरे अभिनय वाली किसी फिल्म या मेरे द्वारा किए गए काम से बहुत खुश नहीं होते थे। अभिनेता ने कहा, मैं चाहता हूं कि अधिक से अधिक लोग मेरी फिल्मों को देखें। मैं चाहता हूं कि वे सबके लिए सुलभ हों। शाहिद कपूर अगली बार स्ट्रीमिंग प्रोजेक्ट ब्लडी डैडी में दिखाई देंगे जो जियोसिनेमा पर रिलीज होगी।

# डांस प्लस का नया सीजन डांस के फ्यूचर को दिखाएगा : रेमो डिसूज़ा

फिल्ममेकर और डांस कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा डांस प्लस के नए सीजन की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रियलिटी शो डांस के फ्यूचर को प्रदर्शित करेगा। लोकप्रिय डांस रियलिटी शो डांस प्लस केवल डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा। रेमो सुपर जज के रूप में वापसी



बार यहां वापस आकर खुश हूं। हर साल, शो में हमें जो टैलेंट मिलता है, वह अभूतपूर्व है और आज की जनरेशन में डांस आर्ट के लिए इस लेवल के प्यार और जुनून को देखकर मुझे गर्व होता है। उन्होंने कहा, डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर इस नए सीजन में हम डांस के फ्यूचर को प्रदर्शित करेंगे और मुझे विश्वास है कि भारत कल के डांस के रूप में जो कल्पना करता है, वही डांस प्लस आज प्रदर्शित करेगा। डांस प्लस का नया सीजन जल्द ही डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है।

# शेखर कपूर ला रहे हैं कल्ट क्लासिक फिल्म मासूम का सीक्वल



भारतीय सिनेमा में अगर आप निर्देशन की दुनिया में एक नाम लें जिसने सबसे ज़्यादा प्रभाव अगर अपने सिनेमा से डाला है तो वह प्रसिद्ध डायरेक्टर शेखर कपूर हैं। शेखर फिल्मों में अपने एक्सपेरिमेंट करने की अपनी क्षमता को बहुत अच्छे से सिल्वर स्क्रीन पर पेश करते हैं। और इसी रिस्क के कारण वह आज सबसे चहिते भी कहलाते हैं। शेखर कपूर जिनकी फ़िल्म व्हाट्स लव गॉट टू डू विद इट की सफलता के बाद जल्द ही भारतीय सिनेमा में दोबारा निर्देशन की कमान संभालने के लिए तैयार हैं। शेखर को अपनी फिल्म व्हाट्स लव गॉट टू डू विद इट के लिए विश्व भर में जबरदस्त रिस्पांस मिला। जहा सिनेफाइल कपूर के इस नए प्रोजेक्ट को देखने के लिए बेताब हैं वहीं एक सूत्र ने बताया शेखर कपूर काफी सफलतापूर्वक मासूम... द न्यू जनरेशन की स्क्रिप्ट का निर्माण कर रहे हैं। यह फ़िल्म कल्ट क्लासिक मासूम का सीक्वल होगा। शेखर जल्द ही इस फ़िल्म की घोषणा कर सकते हैं। हालही में वह भारत में थे और आगामी फिल्म के प्रेप वर्क के लिए सावधानीपूर्वक कई मीटिंग्स का भी संचालन किया। जब कि मासूम... द न्यू जनरेशन की जानकारी अपने फैंस के साथ शेयर न करते हुए शेखर की इस फ़िल्म की प्रतीक्षा भारत और दक्षिण एशियाई प्रवासियों के बीच काफी है। शेखर कपूर द्वारा निर्देशित मासूम जो 21 अक्टूबर 1983 को रिलीज हुई थी उसे बड़े पर्दे पर उतरते ही भारतीय सिनेमा में कल्ट क्लासिक का दर्जा प्राप्त हुआ था।



# प्रियंका चोपड़ा संग जमेगी जूनियर एनटीआर की जोड़ी

प्रियंका चोपड़ा की आजकल काफी ज्यादा चर्चा हो रही है, लेकिन चर्चा की वजह उनकी कोई फोटो या वीडियो नहीं बल्कि अभिनेत्री की आने वाली फिल्म है। खबर है कि प्रियंका चोपड़ा डायरेक्टर प्रशांत नील की फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ नजर आने वाली हैं। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों खूब सुर्खियों में हैं। वह अक्सर कुछ न कुछ नया खुलासा करके फैंस को हैरान कर रही हैं। एक्ट्रेस की नई वेब सीरीज सिटाडेल रिलीज हुई है। इसमें एक्ट्रेस एक्शन करती नजर आ रही हैं। इसके बाद फैंस को उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। इस सीरीज के बाद प्रियंका चोपड़ा का नाम नई फिल्म से जुड़ रहा है। सिर्फ इतना ही नहीं प्रियंका संग इस फिल्म में साउथ के जाने-माने अभिनेता नजर आने वाले हैं। तो चलिए बताते हैं आपको पूरी जानकारी। प्रियंका चोपड़ा की आजकल काफी ज्यादा चर्चा हो रही है, लेकिन चर्चा की वजह उनकी कोई फोटो या वीडियो नहीं बल्कि अभिनेत्री की आने वाली फिल्म है। खबर है कि प्रियंका चोपड़ा डायरेक्टर प्रशांत नील की फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ नजर आने वाली हैं। यह फिल्म इंडिया-पाकिस्तान वॉर पर आधारित हो सकती है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि ये इस फिल्म के लिए दीपिका पादुकोण और मृणाल ठाकुर से भी बात की गई थी। लेकिन प्रियंका चोपड़ा ने बाजी मार ली है।

# द क्रू में तब्बू-कृति संग काम करने को लेकर उत्साहित हैं करीना

अभिनेत्री करीना कपूर इन दिनों फिल्म द क्रू की शूटिंग में बिजी हैं। इस फिल्म में उनके अलावा तब्बू और कृति सेनन भी अहम रोल में नजर आएंगी। मार्च से फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। शूटिंग के दौरान तीनों एक्ट्रेस के बीच गजब की बॉन्डिंग देखी जा रही है। समय-समय पर अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर तीनों एक-दूजे के साथ फोटोज शेयर करती नजर आती हैं। बीते दिनों कृति-तब्बू ने चाय पर चर्चा करते हुए फोटो साझा की थी तो अब करीना कपूर ने दोनों एक्ट्रेस के साथ काम करने का अनुभव शेयर किया है। करीना ने आगे कहा कि इस फिल्म में प्रोड्यूसर करीना कपूर और रिया कपूर सहित सभी महिलाएं ही काम कर रही हैं, यह भी एक अलग ही बात है। करीना ने आगे कहा, यह एक बिग स्क्रीन फिल्म है और लोगों को यह बेहद पसंद आएगी। बातचीत के दौरान करीना कपूर ने अपनी फिल्म जब वी मेट का भी जिक्र किया। करीना कपूर ने कहा कि इन दिनों सिर्फ अच्छी फिल्में करने पर फोकस है, इस बात पर गौर नहीं किया जाता कि फिल्म में कौन है! एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने ज्यादातर फीमेल स्टार्स के साथ काम किया है। अपनी अन्य फिल्मों का जिक्र करते हुए करीना ने कहा, लोग सिर्फ जब वी मेट पर ही बात करते रहते हैं, यह घर की खिचड़ी जैसी हो गई है। जब भी कोई इसे देखता है, यह कभी पुरानी नहीं होती।

# श्रेयस ने खोला राज



कौन प्रवीन तांबे, इकबाल, ओम शांति ओम और गोलमाल फेंचाइजी में अपने काम के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता श्रेयस तलपड़े ने बताया कि कैसे उन्हें रिजेक्ट किए गए रोल्स मिलते थे। उन्होंने हाल ही में यूट्यूब चैनल निनेरासस पर इसका खुलासा किया। वीडियो में, श्रेयस ने सितारों को इन भूमिकाओं को रिजेक्ट करने के लिए धन्यवाद दिया, क्योंकि इससे उनको ये भूमिकाएं निभाने का मौका मिला। उन्होंने कहा- मैं बहुत खुश हूं कि मुझे ये अवसर मिले हैं, और मुझे नहीं लगता कि यह मायने रखता है कि रोल के लिए पहली पसंद कौन था।